RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच


पेज 7 बिजनेसमैन को डेट कर रही हैं...

वर्ष : 26 | अंक : 245 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 27 अगस्त, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# छात्र संगठनों पर लाठी चार्ज, छोड़े आंसू गैस के गोले, कई घायल

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दरिंदगी से दुष्कर्म और फिर उसकी निर्मम तरीके से हत्या करने के मामले में छात्र संगठन के 'नबन्ना अभियान' मार्च में पुलिस ने जमकर लाठीचार्ज किया जिससे कई छात्र घायल हो गए।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड्स को खींचकर हटा दिया और 'नबन्ना अभियान' मार्च निकाला। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, पुलिस ने हावड़ा ब्रिज से प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।




आरजी कर मामले में %नबन्ना अभियान% मार्च निकालते हुए प्रदर्शनकारी हावड़ा के संतरागाछी में पुलिस बैरिकेड पर चढ़ गए। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मियों के साथ भिड़ गए और बैरिकेड तोड़ दिए। इस पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सह वाइस प्रिंसिपल सप्तर्षि चटर्जी ने कहाकि सीबीआई की टीम सभी दस्तावेज और कंप्यूटर, हार्ड डिस्क देखने मेरे कार्यालय आई थी। उन्होंने जब्त कर लिया और सभी सामानों को ले गए और हमें एक जब्ती सूची दी। मैं कल सीजीओ कॉम्प्लेक्स में अपने हस्ताक्षर प्रमाणित करने गया था जो पहले से ही सभी दस्तावेजों पर थे। (शेष पृष्ठ-4 पर)



## सेक्टर-80 में अडानी को 10 एकड़ जमीन देने की मंजूरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अडानी समूह को सेक्टर 80 में 10 एकड़ जमीन के उप-पट्टे की मंजूरी दे दी है। यह जमीन 50 मेगावाट के हाइपरस्केल डेटा पार्क के विकास के लिए दी गई है। यह परियोजना अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और एजकॉनेक्स के संयुक्त उद्यम, अडानीकॉनेक्स द्वारा स्थापित एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी), नोएडा डेटा सेंटर लिमिटेड द्वारा विकसित की जाएगी।



यह निर्णय राज्य सरकार के हस्तक्षेप के बाद लिया गया है। प्राधिकरण ने पहले एईएल के उप-पट्टे के अनुरोध को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उनके समझौते में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। 12 अप्रैल, 2021 को एईएल को 70 करोड़ रुपये में यह जमीन दी गई थी, जिस पर उन्हें छह साल में डेटा सेंटर स्थापित करना था। इस साल 7 मार्च को, एईएल ने प्राधिकरण से भूमि कोफ्री उप-पट्टे पर देने की अनुमति मांगी थी। उनका दावा था कि 2022 की संशोधित सरकारी नीति उन्हें ऐसा करने की अनुमति देती है।

हालांकि, प्राधिकरण की एक समिति ने इस आवेदन के खिलाफ सिफारिश की थी। लेकिन एईएल ने अपनी याचिका को आगे बढ़ाया और इस बार औद्योगिक विकास विभाग तक पहुंचा। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने इस मामले में डेटा सेंटर नीति को प्राथमिकता देने की सिफारिश की। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

## चार बदमाश गिरफ्तार, 3 को किया लंगड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 पुलिस और लूट करने वाले बदमाशो के बीच चेकिंग के दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में 4 बदमाश 1.धीरेन्द्र उर्फ वीर सिंह उर्फ लम्बू पुत्र अंगद नि0 कुनहेटा थाना बीमार हमीरपुर हाल पता गली नं0 12 छोटा पार्क के पास छिजारसी थाना सैक्टर 63 गौतमबुद्धनगर 2.पुरषोत्तम मौर्य पुत्र दिनेश नि0 परसिया , थाना बिसौली बदायुँ हाल पता सुजाता चौक के पास चोटपुर कालोनी थाना सैक्टर 63 गौतमबुद्धनगर 3.इमरान उर्फ चाचा पुत्र करामत नि0 शाहपुर रजेडा थाना धनौरा अमरोहा विपिन शर्मा का मकान गली नं0 6 पीली बिल्डिंग छिजारसी थाना सैक्टर 63 गौतमबुद्धनगर गढी गोल चक्कर के पास खाली पडे मैदान से गिरफ्तार किया गया है व 4. सुधीर गुप्ता पुत्र चेतराम गुप्ता नि0 आईटीआई कालोनी थाना रोजा शाहजहाँपुर को पर्थला गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है। बदमाश धीरेन्द्र , पुरषोत्तम , इमरान द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई थी जिस पर पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में तीनो बदमाशो के पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गये।

बदमाश धीरेन्द्र, पुरषोत्तम, इमरान के कब्जे से तीन अवैध तमन्चा मय 03 खोखा कारतूस, (शेष पृष्ठ-4 पर)



## सेक्टर-73 में कार पार्किंग के हिंसक संघर्ष में दो महिलाओं समेत 5 गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर -113 क्षेत्र के सेक्टर-73 में कार पार्क करने को लेकर दो पक्ष में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आज दो महिलाओ सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि राजीव चौहान और नितिन छिब्बा दो पक्ष सेक्टर 72 के बी ब्लॉक में रहते हैं। उन्होंने बताया कि राजीव चौहान, आशीष चौहान तथा नितिन छिब्बा, श्रीमती ममता छिब्बा आदि के बीच कल सेक्टर 72 स्थित उनके घर के पास कार पार्क करने को लेकर आपस में मारपीट हो गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में राजीव चौहान और नितिन छिब्बा दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। (शेष पृष्ठ-4 पर)



## उगाही कर रहे हैं सेक्टर-83 बिजलीघर के संविदा कर्मचारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-83 स्थित बिजली घर पर संविदा कर्मचारियों ने अपना निजी निवास बना रखा है।इस बिजली घर पर संविदा पर काम करने वाले कर्मचारी अपने व्यक्तिगत काम कर रहे हैं। यही नहीं संविदा कर्मचारी पूरे सेक्टर में बिजली चोरी को भी बढ़ावा दे रहे हैं। कई कंपनियों में इन संविदा कर्मचारियों का अवैध रूप से महीना बंधा है।

सूत्र बताते हैं कि इस बिजली घर पर ट्रैक्टर एवं अन्य वाहन भी रात में पार्किंग करते हैं जो संविदा कर्मचारियों के ही बताए जा रहे हैं। मामले की जांच की जाए तो इसमें कई संविदा कर्मचारियों की गर्दन फंस सकती है। हालांकि जब इस संबंध में विद्युत निगम के बड़े अफसर से बात की गई तो उन्होंने मामले की जानकारी को लेकर अभिज्ञता जाहिर की है।

## शराब की दुकान से नकदी व शराब चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सूरजपुर क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर में स्थित शराब की मॉडल शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने वहां रखी नगदी और शराब की बोतल आदि चोरी कर लिया।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि कस्बा सूरजपुर में स्थित मॉडल वाइन शॉप का बीती रात को अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी शॉप के मालिक या सेल्समैन की तरफ से इस मामले में कोई शिकायत नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि चोरी हुए रुपए और सामान के कीमत का आंकलन किया जा रहा है।

### चोर गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** एयर कंडीशन में लगने वाली कॉपर वायर चोरी करके भाग रहे एक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने विनेश पुत्र हेमराज को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एयर कंडीशन में लगने वाला कॉपर वायर बरामद किया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## छात्र पर जानलेवा हमला, रीढ़ की हड्डी तोड़, चार पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में एक छात्र पर जानलेवा हमला करके उसकी रीढ़ की हडडी तोड़ दी गई। इस मामले में चार छात्रों पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, अलीगढ़ के खेड़ा बुजुर्ग गांव निवासी लोकेश कुमार यूनिवर्सिटी की कैंटीन में बैठा था। आरोप है कि आशु कसाना, कपिल, अंकित और दो अज्ञात छात्रों ने उसे जबरन कुर्सी से उठा दिया। लोकेश के विरोध करने पर आरोपियों ने कुर्सी से उसके सिर और पीठ पर कई वार किए।

घायल लोकेश को पहले यूनिवर्सिटी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे ग्रेटर नोएडा के एक बड़े अस्पताल में शिफ्ट किया गया, जहां वह आईसीयू में भर्ती है। डॉक्टरों के अनुसार, उसके सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई हैं।

पीड़ित के पिता देवराज सिंह चौहान, जो पेशे से वकील हैं, ने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने तीन छात्रों को नामजद करते हुए कुल पांच के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना एक्सप्रेसवे पर बीती रात को एक अज्ञात कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दिया। इस घटना में बाइक सवार की मौत हो गई है।

थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिम बंगाल के रहने वाले दिनेश बीती रात को बाइक पर सवार होकर यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते जा रहे थे। उन्होंने बताया कि रायपुर गांव के पास अज्ञात मारुति वैगन आर कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सेक्टर-122 में चौथे मोबाइल टॉवर का विरोध

### प्राधिकरण के खिलाफ सेक्टरवासियों का आक्रोश फूटा

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-122 में नोएडा प्राधिकरण अब चौथ मोबाइल टावर लगाने जा रहा है इसके खिलाफ अब आरडब्ल्यूए तथा निवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है।



उद्यान विभाग के उपनिदेशक ज्ञानेंद्र कुमार ने मैसर्स इंडस टावर्स लिमिटेड को सेक्टर-122 के डी ब्लॉक में स्थित ग्रीन बेल्ट में मोबाइल लगाने की अनुमति प्रदान की है। यहां मोबाइल टावर लगाने के लिए मिट्टी की जांच समेत सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। इसके लिए प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने इंडस टॉवर को 3.54 लाख रुपए की लाइसेंस फीस भी जमा करवा ली है।

उधर सेक्टर-122 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डॉ उमेश शर्मा ने बताया कि उद्यान विभाग सेक्टर-122 के लोगों को स्वस्थ नहीं देखना चाहता है इसलिए एक ही सेक्टर में तीन टावर पहले ही लगा दिए हैं। अब चौथा टावर लगाया जा रहा है। इसके खिलाफ स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## चाय-समोसे बेचने वाले ने उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा

### सेक्टर-12 निवासी सनी कुमार को बधाईयों का तांता

**नोएडा (चेतना मंच)।** 'गुदड़ी में लाल' की कहावत सेक्टर-12 निवासी ठेली पर चाय-समोसा बेचने वाले सनी कुमार ने सच साबित कर दिखाया। सनी ने नीट यूजी-2024 की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर न सिर्फपरिवार का बल्कि नोएडा शहर का भी नाम रोशन किया है।



सेक्टर-12 के एन ब्लॉक निवासी सनी अपने बड़े भाई सागर के साथ एन ब्लाक मार्किट के कोने में चाय-समोसे की ठेली लगाता है। उसके पिताजी वर्षों से यहां चाय की दुकान चलाते थे। उनकी मृत्यु के बाद बेटे सागर व सनी भी आजीविका चलाने के लिए चाय की दुकान चलाते हैं। सनी ने इंटर तक की पढ़ाई सेक्टर-12 स्थित भावराऊ देवरस इंटर कॉलेज से की। डाक्टर बनने का सपना संजोये सनी कुमार ने मेहनत करके नीट की तैयारी की तथा मई-2024 में आयोजित हुई परीक्षा दी। उसका 16000वां स्थान है।

बता दें कि नीट यूजी की परीक्षा में देश भर के करीब 23 लाख बच्चे बैठे थे। जिसमें करीब 50 हजार का चयन हुआ है। इस खबर के बाद क्षेत्र में लोगों ने सनी को ढेरों बधाईयां दी।

### छिजारसी-चोटपुर अवैध विद्युत कनेक्शन का मामला

## मंडल अध्यक्ष को पद से हटाया, कुछ सफेदपोशों पर लटकी तलवार!

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोटपुर व छिजारसी में अवैध कनेक्शनों के जरिए करोड़ों रूपये की अवैध उगाही का मामला अब गरमाता जा रहा है। जहां भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने समूचे गोरखधंधे की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। वहीं अब इस गोरखधंधे में संलिप्तता का आरोपी आते ही महानगर अध्यक्ष ने संबंधित कृष्णानगर मंडल में तैनात भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रोहित ठाकुर को पद से हटा दिया है तथा उसके स्थान पर अशोक झा को मंडल अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है।


इस बाबत भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व कृष्णानगर मंडल की प्रभारी सुश्री पूनम सिंह ने चेतना मंच को बताया कि छिजारसी-चोटपुर में हर माह अवैध कनेक्शन के जरिए करोड़ों रूपये की उगाही हो रही है। जिसमें बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी, स्थानीय भाजपा के नेता तथा सफेदपोश शामिल हैं। अभी तो एक पर गाज गिरी है अभी कइयों पर तलवार लटकी है।

उनका कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तो कई करोड़ का गोरखधंधा सामने आएगा।

### क्या है प्रकरण

**भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि चोटपुर-छिजारसी कालोनी में 7 हजार वैध विद्युत कनेक्शन हैं। जबकि 70 हजार से अधिक घरों में अवैध कनेक्शन के जरिए विद्युत आपूर्ति हो रही है। हर घर से हर माह 1000 रूपये लिया जाता है। जो विद्युत विभाग के कर्मचारियों व संरक्षण दे रहे सफेदपोशों व चंद भाजपा नेताओं की जेब में जाता है। उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से भी की है। उधर मुख्य अभियंता को समूचे प्रकरण की जांच कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि विभाग ने इस मामले की जांच कराने की बात कही है।**

**श्री गुप्ता का कहना है कि इसी अवैध विद्युति आपूर्ति से करोड़ों रूपये के राजस्व को चूना लग रहा है। जिसके कारण बिल का भुगतान करने वाले नोएडा के लोगों की विद्युत कटौती का दंश झेलना पड़ रहा है। उनके मुताबिक कई करोड़ का यह गोरखधंधा काफी दिनों से फलफूल रहा है। इसके कई सबूत भी मौजूद हैं।**


भारतीय जनता पार्टी
कृष्णा नगर मण्डल, नोएडा महानगर, गौतमबुद्ध नगर, पश्चिम क्षेत्र, उत्तर प्रदेश - 201 301
निर्मल सिंह
पत्रांक ..........
दिनांक 25/08/2024

प्रेस विज्ञप्ति

अनुशासनहीनता की शिकायतों तथा अवैध व अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने की सूचना को ध्यान में रखते हुए आदरणीय जिलाध्यक्ष जी ने श्री रोहित ठाकुर निवासी-चोटपुर कालोनी को कृष्णा नगर मंडल के पुर्वांचल मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के पद से हटाने का निर्देश दिया है। अतः श्री रोहित ठाकुर को कृष्णा नगर मंडल के पुर्वांचल मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के पद से पदच्युत किया जाता है तथा कृष्णा नगर मंडल के पुर्वांचल मोर्चा के नये मंडल अध्यक्ष के पद का दायित्व श्री अशोक झा निवासी-चिपियाना खुर्द तिगड़ी को दिया जाता है।

सुश्री पूनम सिंह
भाजपा कृष्णा नगर मंडल प्रभारी

आपका
निर्मल सिंह
कृष्णा नगर मंडल मंडल अध्यक्ष
निर्मल सिंह (मण्डल अध्यक्ष) कृष्णा नगर मण्डल, नोएडा महानगर

# जम्मू-कश्मीर में शक्ति परीक्षण!

जम्मू-कश्मीर चुनाव के मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अपने घोषणा-पत्र जारी किए हैं, जो बुनियादी तौर पर भारत-विरोधी लगते हैं। 1950 के दशक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और शेख अब्दुल्ला की अपनी-अपनी लड़ाइयां और सियासत थी। शेख अब्दुल्ला कश्मीर को 'इस्लामी सूबा' बनाने पर आमादा थे। उन्हें प्रधानमंत्री का दर्जा हासिल था। श्यामा प्रसाद ने 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' की व्यवस्था के लिए संघर्ष किया। उनकी रहस्यमयी मौत आज भी एक सवाल है। अनुच्छेद-370 खत्म किए जाने से पहले जम्मू-कश्मीर का अपना 'झंडा' था, अपना 'संविधान' था। कश्मीर में सर्वोच्च अदालत के फैसले भी लागू नहीं होते थे। भारतीय दंड संहिता की धाराएं भी निष्प्रभावी थीं। विधानसभा का कार्यकाल 6 साल होता था। रक्षा, विदेश, वित्त आदि मंत्रालय भारत सरकार के अधीन थे, लेकिन उनके अलावा कश्मीर के कानून और व्यवस्थाएं भिन्न थीं। आर्थिक संसाधनों और बजट के लिए जम्मू-कश्मीर भारत सरकार के सहारे ही था। सवाल होते रहते थे कि एक ही राष्ट्र में कश्मीर को यह 'विशेष दर्जा' क्यों हासिल है? दो-दो व्यवस्थाएं कैसे काम कर सकती हैं? मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अनुच्छेद 370, 35-ए की बहाली का आश्वासन दिया है। जम्मू-कश्मीर के 'अलग झंडे' की बात कही गई है। ऐसा है, तो आने वाली विधानसभा में 'अलग संविधान' का प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। इसके लिए दलीलें दी जाती रही हैं कि विलय के समझौता-पत्र में उल्लेख था कि कश्मीर का अपना 'अलग झंडा' और 'अलग संविधान' होगा। ये दलीलें कुतर्क हैं, क्योंकि विलय-पत्र में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सियासतदानों को जरा पढ़ लेना चाहिए। बहरहाल पत्थरबाजों की दोबारा सरकारी नौकरी में बहाली होगी और जेल से सियासी कैदियों की रिहाई की जाएगी। ऐसे कैदियों को माफ भी किया जा सकता है। पाकिस्तान से सटी 'नियंत्रण रेखा' पर कारोबार की नई शुरुआत के साथ-साथ पाकिस्तान के साथ बातचीत और जनसंपर्क भी शुरू किया जाएगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सोच के स्तर पर पाकपरस्त रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या एक विधानसभा ऐसे मुद्दों को पारित कर सकती है? विदेश और रक्षा नीतियां केंद्र सरकार तय करेगी अथवा संघशासित क्षेत्र की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है? भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किया था और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे 'उचित, संवैधानिक निर्णय' माना था। तो विधानसभा चुनाव में पार्टियां इनकी बहाली और 'विशेष दर्जे' की वापसी का वायदा कैसे कर सकती हैं? यह सवाल नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पूछा गया था। उनका जवाब था कि आने वाली सर्वोच्च अदालत में कश्मीर की बुनियादी सोच वाले न्यायाधीश भी आ सकते हैं! केंद्र में मौजूदा सरकार की विदाई हो सकती है तथा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बन सकती है! हमने जम्मू-कश्मीर के अवाम को आश्वस्त किया है कि तब तक हम इंतजार करेंगे, लेकिन लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे। एक घोषणा-पत्र में कहा गया है कि 'शंकराचार्य के पर्वत' का इस्लामी नाम 'तख्त-ए-सुलिमान' रखा जाएगा। क्या कश्मीर को एक बार फिर 'इस्लामिक' बनाने के मंसूबे हैं? नेशनल कॉन्फ्रेंस तो शेख अब्दुल्ला की ही विरासत है, लिहाजा उनकी सियासत भी वही होगी। पीडीपी ने यहां तक घोषणा की है कि 'जमात-ए-इस्लामी' पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा। यानी कश्मीर में अलगाववाद, आतंकवाद, हड़ताल और बंद की पुरानी स्थितियों की वापसी के रास्ते तैयार किए जा रहे हैं? घोषणा-पत्र में आरक्षण खत्म करने का आश्वासन दिया गया है। क्या गुर्जर, बक्करवाल, दलित, पहाड़ी जातियों के आरक्षण खत्म किए जाएंगे? यह निर्णय कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति पर आघात की तरह साबित हो सकता है। ऐसे कई आश्वासन घोषणा-पत्रों में दिए गए हैं। बेशक ये देश-विरोधी घोषणाएं हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जिनके पास श्रद्धा रूपी राह खर्च नहीं है और संतों का साथ नहीं है और जिनको श्री रघुनाथजी प्रिय हैं, उनके लिए यह मानस अत्यंत ही अगम है। ( अर्थात श्रद्धा, सत्संग और भगवत्प्रेम के बिना कोई इसको नहीं पा सकता )॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जौं करि कष्ट जाइ पुनि कोई। जातहिं नींद जुड़ाई होई॥**
**जड़ता जाड़ बिषम उर लागा। गएहुँ न मज्जन पाव अभागा॥**

यदि कोई मनुष्य कष्ट उठाकर वहाँ तक पहुँच भी जाए, तो वहाँ जाते ही उसे नींद रूपी जूडी आ जाती है। हृदय में मूर्खता रूपी बड़ा कड़ा जाड़ा लगने लगता है, जिससे वहाँ जाकर भी वह अभागा स्नान नहीं कर पाता॥

**करि न जाइ सर मज्जन पाना। फिरि आवइ समेत अभिमाना।**
**जौं बहोरि कोउ पूछन आवा। सर निंदा करि ताहि बुझावा॥**

उससे उस सरोवर में स्नान और उसका जलपान तो किया नहीं जाता, वह अभिमान सहित लौट आता है। फिर यदि कोई उससे (वहाँ का हाल) पूछने आता है, तो वह (अपने अभाग्य की बात न कहकर) सरोवर की निंदा करके उसे समझाता है॥

**सकल बिघ्न ब्यापहिं नहिं तेही। राम सुकृपाँ बिलोकहिं जेही॥**
**सोइ सादर सर मज्जनु करई। महा घोर त्रयताप न जरई॥**

ये सारे विघ्न उसको नहीं व्यापते (बाधा नहीं देते) जिसे श्री रामचंद्रजी सुंदर कृपा की दृष्टि से देखते हैं। वही आदरपूर्वक इस सरोवर में स्नान करता है और महान भयानक त्रिताप से (आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक तापों से) नहीं जलता॥

(क्रमशः..)

# अलग-अलग फलों और फसलों के क्लस्टर्स बना रही योगी सरकार

कलस्टर में खेती की संभावनाओं को देखते हुए योगी सरकार पहले से विकसित कलस्टर्स की सुविधाएं बढ़ा रही है। साथ ही नए फलों और फसलों के क्लस्टर्स भी विकसित कर रही है। फल और फसल विशेष के इन क्लस्टर्स से आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जहां बल्क (बड़ी मात्रा) में किसी चीज का उत्पादन होता है, वहां खरीदार खुद पहुंचने लगते। खरीदारों में प्रतियोगिता होने से उत्पाद की गुणवत्ता के अनुसार उसका वाजिब दाम भी मिलता है। खेतीबाड़ी भी बाजार के इस सामान्य नियम का अपवाद नहीं है।

बल्क में फलों या फसलों के उत्पादन का मतलब है, बड़े पैमाने पर बड़े रकबे में किसी एक फल या फसल की खेती। इसे उस फल या फसल का क्लस्टर भी कह सकते हैं। धीरे-धीरे वह कलस्टर उस फल या फसल की पहचान बन जाती है। जैसे-जैसे यह पहचान मुकम्मल होती जाती है, वैसे वैसे उस क्लस्टर के उत्पाद की संभावनाएं भी बढ़ती जाती हैं। मसलन मलीहाबादी दशहरी, सहारनपुर का चौंसा, बनारस का लंगड़ा, गोरखपुर और बस्ती का गवरजीत, अयोध्या, गोंठा और सहारनपुर का गुड़, प्रतापगढ़ का आंवला, सिद्धार्थनगर का कालानमक धान और कुशीनगर का केला आदि।

**ओडीओपी ने भी बढ़ा दी कलस्टर की संभावना**

जिन जिलों के एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) खेतीबाड़ी से संबंधित हैं उनको इस योजना के जरिये कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) देकर ग्रेडिंग, पैकिंग, ब्रांडिंग और बाजार तक की सुविधा देना इसी प्रयास का हिस्सा है।

**आम के कलस्टर से लाभान्वित हो रहे 4000 किसान**

केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन के अनुसार संस्थान, सरकार की मदद से लखनऊ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दशहरी और चौसा आम के लिए क्लस्टर बनाकर करीब 4000 बागवानों को जोड़ चुका है। इनको पुराने बागों के पुरोद्धार, बौर और फसल संरक्षा के उपाय, फलों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किए जाने वाले तरीकों के बाबत जानकारी दी जाती है। इसका इन किसानों को लाभ भी हो रहा है। पहली बार मलिहाबाद से 5 टन दशहरी आम संयुक्त राज्य अमेरिका भेजा गया।



**केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन के अनुसार संस्थान सरकार की मदद से लखनऊ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दशहरी और चौसा आम के लिए क्लस्टर बनाकर करीब 4000 बागवानों को जोड़ चुका है।**

हाल ही में योगी सरकार और विश्व बैंक के बीच उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड रूरल इंटर प्राइजेज स्ट्रेंथिंग (यूपी एग्रीस) नामक जिस योजना पर काम की सहमति बनी है उसमें भी एग्रो क्लस्टर्स बनाने का जिक्र है। इस पूरी योजना पर सरकार और विश्व बैंक मिलकर छह साल में 4000 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। केंद्र सरकार भी क्लस्टर की संभावनाओं का किसानों के हित में अधिकतम लाभ लेना चाहती है।

**केंद्र सरकार 1800 करोड़ रुपये की लागत से बनाएगी बागवानी के 100 क्लस्टर**

हाल ही में केंद्रीय कृषि कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कहा था कि अगले पांच वर्षों में केंद्र सरकार 1800 करोड़ रुपये की लागत से बागवानी के निर्यात केंद्रित 100 कलस्टर बनाएगी। सरकार की सब्जी उत्पादन के लिए भी क्लस्टर बनाने की तैयारी है।

**केंद्र की इन योजनाओं का भी सर्वाधिक लाभ यूपी को होगा**

स्वाभाविक है कि 9 तरह की वैविध्यपूर्ण जलवायु, इंडो गंगेटिक बेल्ट की सबसे उर्वर भूमि, भरपूर पानी और प्रचुर मात्रा में श्रम के रूप में मानव संसाधन और बाजार होने के नाते केंद्र की इन योजनाओं का उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक लाभ भी मिलेगा।


**सरकार भी योजनाओं का अधिकतम लाभ किसानों की दिलाने को तैयार**

योगी सरकार ने केंद्र की मदद से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ प्रदेश के किसानों को दिलाने की तैयारी भी कर दी है। मसलन, प्रयागराज से हल्दिया तक देश के इकलौते जलमार्ग से सस्ते में कृषि उत्पादों का परिवहन होने भी लगा है। योगी सरकार की मंशा इस जलमार्ग का विस्तार अयोध्या तक करने की है। इससे प्रदेश के अवध और पूर्वांचल के बहुतेरे किसानों को लाभ मिलेगा। इसी तरह का लाभ मध्य उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को जेवर एयरपोर्ट के बन जाने से भी होगा।

# खाद्य कीमतों पर सतर्कता जरूरी

हाल ही में 22 अगस्त को वित्त मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2024 में दक्षिण पश्चिमी मानसून में प्रगति के कारण खरीफ की बोआई अच्छी हुई है और खाद्य पदार्थों की महंगाई दर में और कमी आ सकती है। इसी तरह पिछले दिनों 19 अगस्त को रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि यद्यपि देश में बेहतर मानसून, अच्छे मौद्रिक प्रबंधन और सरकार के द्वारा तत्परता से महंगाई नियंत्रण के उपायों से महंगाई घटने का सुकूनदेह परिदृश्य दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी भी खाद्य कीमतों पर सतर्कता जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि महंगाई सरकार की चिंता बनी रही है और अब सरकार ने संकेत दिया है कि महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ती रहेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा, वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि 14 अगस्त को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई जुलाई 2024 में घटकर तीन महीने के निचले स्तर 2.04 प्रतिशत पर आ गई।

यह जून में 3.36 प्रतिशत थी। खास बात यह भी है कि 12 अगस्त को जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54 फीसदी रह गई है, जबकि जून 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत थी। सुकूनदेह स्थिति यह है कि खुदरा महंगाई दर पिछले 5 वर्षों के सबसे कम और रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे आ जाने से अर्थव्यवस्था को मजूबती मिलते हुए दिखाई देगी। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि बेहतर मानसून से खाद्यान्नों, फलों, सब्जियों विशेषतया आलू, प्याज और टमाटर आदि की कीमतों में बड़ी कमी आने से खुदरा महंगाई दर में कमी आई है। पिछले दिनों 8 अगस्त को आरबीआई ने देश में बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत रेपो रेट को पहले की तरह 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह लगातार 9वीं बार है जब मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट को यथावत रखने का फैसला किया गया है। आखिरी बार रेपो रेट में फरवरी 2023 में बदलाव किया गया था। इस मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत तेज विकास दर की बजाय महंगाई नियंत्रण को प्राथमिकता दी है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर



शक्तिकांत दास ने कहा कि निरंतर आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए अभी भी महंगाई पर स्पष्ट तरीके से ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। रिजर्व बैंक और सरकार के समन्वित प्रयासों से महंगाई नियंत्रण के लगातार रणनीतिक कदम जरूरी हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक वर्ष 2024-25 के बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए जो धनराशि सुनिश्चित की गई है, उससे खाद्य भंडारण से जुड़ी एजेंसियों को धन मुहैया कराया जाएगा, ताकि वे उपयुक्त भंडारण बनाने के लिए किसानों के खेत या मंडी से सीधे खरीददारी कर सकें।

इसके अलावा नए बजट के तहत इस वर्ष खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी करके 50000 करोड़ रुपए सुनिश्चित की गई है। निस्संदेह नए बजट के तहत कई ऐसे प्रावधान हैं जिनसे अधिक खाद्यान्न उत्पाद और महंगाई नियंत्रण को प्रोत्साहन मिलेगा। प्राकृतिक खेती पर भारी प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं और आगामी दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। देशभर में 10 हजार बायो इनपुट सेंटर बनाए जाएंगे, जहां से प्राकृतिक खेती की गतिविधियां संचालित होंगी। मौसम की मार के कारण खराब होने वाली फसलों के लिए समर्थन राशि बढ़ाई जाने से कृषि को नया प्रोत्साहन मिलेगा। नए बजट में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, दलहन-तिलहन की पैदावार बढ़ाकर और किसानों की आय बढ़ाने, बीज की समस्या के निराकरण और मुख्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित होने जैसे मामलों की चुनौतियों को कम करने के साथ-साथ कृषि शोध के विकास के लिए ज्यादा प्रावधान किए हैं। गौरतलब है कि 11 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे महंगाई से भी बचाव होगा। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे भी महंगाई में और कमी आएगी। पूरे देश के कोने-कोने में बेहतर मानसून के लाभ दिखाई देने लगे है। कृषि मंत्रालय ने 12 अगस्त को खरीफ फसलों का रकबा बढने संबंधी रिपोर्ट में कहा है कि चालू खरीफ सीजन में अब तक खरीफ फसलों की बोआई 980 लाख हेक्टेयर के स्तर पर पहुंच गई है, जो पिछले साल की समान अवधि में 966 लाख हेक्टेयर ही थी। इस साल अच्छे मानसून से दाल, तिलहन और अनाज का उत्पादन बढ़ेगा और इनकी सप्लाई बढने से इनकी कीमतें कम होंगी। बेहतर मानसून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, जिससे ग्रामीण इलाके में खपत बढ़ेगी। निश्चित रूप से रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति, सरकार के वित्तीय नियंत्रण और बेहतर मानसून से जिस तरह महंगाई में कमी आई है, अब इसे नियंत्रित रखने के साथ-साथ ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा करने के लिए कुछ अहम बातों पर ध्यान दिया जाना जरूरी होगा।

इस समय ग्रामीण भारत में जल्द खराब होने वाले ऐसे कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर प्राथमिकता से काम करना होगा, जिनकी खाद्य महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है। ऐसे में सरकार को खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उपज की बर्बादी को रोकने के बहुआयामी प्रयासों की कारगर रणनीति पर आगे बढना होगा। हम उम्मीद करें कि अगस्त 2024 में जिस तरह खुदरा उपभोक्ता महंगाई रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित चार फीसदी के लक्ष्य से भी कम है, उसी तरह सरकार भविष्य में भी खुदरा महंगाई दर को पूर्णतया नियंत्रित रखने के लिए बहुआयामी प्रयास करेगी। हम उम्मीद करें कि सरकार नए दाम स्थिरीकरण कोष तथा खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए किए गए प्रभावी बजट आवंटनों के कारगर उपयोग पर शुरुआत से ध्यान देगी। साथ ही सरकार कृषि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल, खाद्य पदार्थों की बरबादी को कम करने, कृषि में मशीनीकरण को बढ़ाए जाने, जलवायु अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणाली अपनाए जाने, अधिक ग्रामीण कच्ची सडकों को मंडियों से जोडने जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला में सुधार से खाद्य वस्तुओं की महंगाई को नियंत्रित रखने के कारगर प्रयासों की डगर पर लगातार आगे बढ़ेगी।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**

# राशिफल

भाद्रपद कृष्ण पक्ष : नवमी

(विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
जुबान अनियंत्रित न करें। पूंजी का निवेश अभी न करें। बाकि स्वास्थ्य ठीक ठाक, प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य नरम गरम बना रहेगा। मन चिंतित रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। प्रेम-संतान का साथ व व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम-संतान मध्यम व व्यापार बहुत अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बचकर पार करें। कोई रिस्क न लें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान ठीक ठाक। व्यापार ठीक ठाक।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापार की स्थिति बहुत अच्छी है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
परेशानी रहेगी चाहे स्वास्थ्य का मामला हो या साथ का मामला हो। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य ठीक ठाक। प्रेम, संतान मध्यम ।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है लेकिन गृहकलह भी संभव है। स्वास्थ्य मध्यम।

# 2 सितंबर को किसान एकता संघ की सिरसा टोल पर महापंचायत



**दनकौर ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ की बैठक अट्टा गुजरान गांव में जगबीर सेक्रेटरी के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता चौधरी बाली सिंह व संचालन पंडित प्रमोद शर्मा ने किया। संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना ने बताया अट्टा गुजरान गांव में हुई बैठक में एनपीसीएल से पीड़ित किसानों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा आगामी 2 सितंबर को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे सिरसा टोल पर महापंचायत करने पर सहमति बनी बैठक में सर्वसम्मति से अरविंद सेक्रेटरी की संगठन में घर वापसी भी कराई गई। उनके पूर्व पद पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष के पद पर पुन: मनोनीत किया गया।

इस मौके पर चौ.बाली सिंह, सोरन प्रधान, देशराज नागर, रमेश कसाना, अखिलेश प्रधान, श्री कृष्ण बैसला, विक्रम नागर, पंडित प्रमोद शर्मा, राकेश चौधरी, पप्पे नागर, देवेंद्र नागर, उम्मेद एडवोकेट, सुभाष भाटी, ओमवीर समसपुर, रवि नागर, बिट्टू नागर, बिज्जन नागर, दुर्गेश शर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# रूपवास गांव के घरों में पहुंचा कॉलोनियों का पानी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी तहसील नगर पालिका का के अंतर्गत आने वाली एस्कॉर्ट कॉलोनी दौलतराम कॉलोनी आदि कॉलोनी का पानी रूपवास गांव के मांजरा में पहुंच गया है जिसकी शिकायत पूर्व में एसडीएम दादरी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष गीता पंडित को भी अवगत कराया गया है। लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ जिसमें ग्रामीण किसान नेता राजकुमार रूपबास तहसील अध्यक्ष दादरी भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन का कहना है कि जल भराव की स्थिति ऐसी हो रही है कि इसमें पशु पक्षी मर रहे हैं जिसमें जहरीले कीड़े मकोड़े सांप बिच्छू मच्छर पैदा हो रहे हैं जो घरों में जा रहे हैं जिससे बीमारी होने का खतरा मंडरा रहा है।



पानी का इतना जल भरा हो रहा है कि इसमें अगर कोई गिर गया तो वह मर जाएगा और इसके साथ-साथ रेलवे टैंक है जो दिल्ली हावड़ा होकर गुजर रहा है जिससे आने वाले भविष्य के लिए रेलवे ट्रेन का भी बड़ा हादसा हो सकता है ग्रामीणों में रोस है अगर जल्द ही नगर पालिका पानी का इंतजाम नहीं करती है तो रूपवास गांव के ग्रामीण एवं किसान यूनियन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएगी।

इस मौके पर किसान नेता राजकुमार रूपबास सुरेश प्रधान अशोक लाला नरेंद्र महिपाल जतिन अभिषेक पप्पू सुभाष आदि मौजूद थे।

# डॉ शशि बाला यादव बनी समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने समाजवादी महिला सभा गौतम बुद्ध नगर में फेरबदल करते हुए नोएडा निवासी शशि बाला यादव को समाजवादी महिला सभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है, वहीं अभी तक जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रही कृष्णा चौहान की पदोन्नति कर प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नामित किया है।

कृष्णा चौहान पिछले 25 वर्षों से समाजवादी महिला सभा के जिलाध्यक्ष की कमान संभाल रही थी, उनकी मेहनत और कर्मठता को देखते हुए उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। डॉक्टर शशी बाला राजनैतिक परिवार से संबंध रखती हैऔर काफी लम्बे समय से समाजवादी पार्टी और किसान संगठन से जुड़ी रही हैं। वह लगातार समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए काम कर रही है जिसके फलस्वरुप पुणे समाजवादी महिला सभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

इस मौके पर डॉक्टर शशी बाला यादव ने समाजवादी पार्टी के हाई कमान का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाजवादी महिला सभा के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत कर कर पार्टी ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है, उसका वह पूरी ईमानदारी एवं लगन के साथ निर्वाह करेंगी और अधिक से अधिक संख्या में समाजवादी पार्टी से महिलाओं को जोड़ने का काम करेंगी।

इस अवसर पर दोनों महिला नेताओं को जिम्मेदारी मिलने पर जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी, जिला महासचिव सुधीर तोमर, सुरेन्द्र नागर, कुलदीप भाटी, गजेंद्र यादव, रोहित मत्ते गुर्जर, कपिल ननका, अमित रौनी, प्रवीण भाटी, अनूप तिवारी आदि ने बधाई दी है।

# श्री द्रोण गऊशाला समिति ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**दनकौर ( चेतना मंच )।** 101वें श्री कृष्ण जन्मोत्सव मेले का उद्घाटन दनकौर कोतवाली प्रभारी महेंद्र सिंह ने फीता काट कर किया। श्री द्रोण गौशाला समिति से मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह एवं शाल देखकर सम्मान किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टी के अवसर पर श्री द्रोण गऊशाला समिति दनकौर द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष-2024 भी सांय- 07:00 बजे से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म तक श्री बांके बिहारी जी की भजन संध्या का कार्यक्रम एवं प्रसाद वितरण कराया गया तथा रात्रि 08:00 बजे में श्री द्रोण नाट्यशाला प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्म की लीला एलईडी पर प्रसारित की गई।

मन्दिर प्रांगण में हुयी भजन संध्या एवं एलईडी पर प्रसारित श्रीकृष्ण जन्म लीला का हजारों श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाकर अपने जीवन का धन्य किया। इस अवसर पर श्री द्रोण गौशाला समिति दनकौर की प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी/सदस्यगण सर्व राकेश कुमार गर्ग, रजनीकान्त अग्रवाल मनीष कुमार अग्रवाल, मोहित गर्ग, संजीव कुमार गुप्ता, सुशील मांगलिक, संदीप जैन, राजकुमार गोयल, मनीष सिंघल, पंकज गर्ग, संजय गोयल, मुकुल बंसल, अजय कुमार, पुनीत कुमार गुप्ता, मुकुल कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

# सेक्टर-100 में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कल श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार



सुभाष भाटी



सेक्टर 100 में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। रात 12.00 बजे जैसे ही श्री कृष्ण भगवान के जन्म का समय हुआ पूरा सेक्टर जन्मोत्सव मय हो गया।

कार्यक्रम के आयोजक सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष भाटी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के चरणों में रहकर ही मनुष्य का उद्धार होता है। उन्होंने कहा कि कल श्री कृष्ण जन्माष्टमी के त्यौहार को मनाने के लिए सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। शाम से ही महिलाएं श्री कृष्ण भगवान की भजन कीर्तन कर रही थी और रात 12.00 बजे लोगों ने भगवान का जन्मोत्सव मनाने के बाद अपना व्रत खोल उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सिपाही-पटवारी व भू-माफिया निगल गये करोड़ों की ग्राम समाज की जमीन!

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कुलेसरा में तैनात पटवारी एवं पुलिस का एक सिपाही तथा दो भूमाफियाओं ने मिलकर कई करोड़

**जिला प्रशासन को खबर नहीं, क्षेत्र में चर्चा का विषय बना यह प्रकरण**

रुपए की ग्राम समाज की जमीन को बेच दिया। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बताते चलें कि सुत्याना गांव स्थित शालिगराम हायर सेकेंडरी स्कूल के पीछे ग्राम समाज की कई बीघे जमीन काफी समय से खाली पड़ी थी। जिस पर भूमाफियाओं की नजर लगी थी। मौका पाते ही भूमाफियाओं ने कुलेसरा में तैनात पटवारी एवं कुलेसरा पुलिस चौकी पर पूर्व में तैनात सिपाही से मिलकर उसे बेच दिया। आपसी बंदरबांट कर करोड़ों की जमीन को भूमाफिया निगल गए। लेकिन जिला प्रशासन के आला अफसरों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

हाजीपुर गांव निवासी एक भूमाफिया ने सिपाही एवं पटवारी से सांठगांठ कर उसे जमीन की प्लॉटिंग करके बेच दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री जहां समय-समय पर सरकारी




कर्मचारियों को भ्रष्टाचार से दूर रहने की नसीहत देते हैं। वहीं सैफई का रहने वाला सिपाही (जो इसके पूर्व में कुलेसरा पुलिस चौकी पर तैनात था) एवं वर्तमान में कुलेसरा गांव में तैनात पटवारी ने करोड़ों की ग्राम समाज की जमीन बेच डाली। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

भूमाफियाओं के साथ सांठगांठ कर जमीन बेचने वाला सिपाही वर्ममान में मुजफ्फरनगर में तैनात है। सपा के सरकार में उक्त सिपाही की तूती बोलती थी। लेकिन सरकार बदलते ही सिपाही ने अपना हेराफेरी बंद नहीं की। लोगों का कहना है कि वहीं यदि मामले की जांच की जाए तो पटवारी एवं सिपाही के साथ-साथ हाजीपुर निवासी भू-माफिया की गर्दन भी फंस सकती है। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के जीरो टॉलरेंस को दरकिनार करते हुए उक्त दोनों सरकारी कर्मचारियों ने भूमाफियाओं से सांठगांठ कर सरकारी जमीन बेच डाली। अब देखना है कि जिलाधिकारी इस प्रकरण की जांच कब करवाते हैं। फिलहाल करोड़ों की जमीन बेचने का मामला अब धीरे-धीरे गरमाता जा रहा है।

# आरडब्ल्यूए बनायेगा ब्लड ग्रुप डेटा बैंक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बी-3 अरावली अपार्टमेंट सेक्टर-34 में आम सभा आयोजित




की गई। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोसाइटी निवासियों को आम सभा में विकास कार्यों मुख्य रूप से मुख्य द्वार पर सन सैड,चिल्ड्रन बस स्टॉप, सोसायटी के अंदर ओपन जिम, सोसाइटी को सीसीटीवी कैमरों से लैस करना, बैडमिंटन कोर्ट,फ्लैट नम्बर प्लैट,हाई मास्क लाइट,स्ट्रीट लाइट, बच्चों के आधुनिक झूले,नोएडा में सर्वप्रथम एंटी लार्वा दवाई छिड़काव मशीन, स्वास्थ्य जांच कैंप्स, दिशा सूचक बोर्ड, फैसिलिटी बोर्ड, सोसाइटी मानचित्र बोर्ड,फायर उपकरण, बायो टॉयलेट,मुख्य द्वार की सजावट, मदर्स डे कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, नालियों की पुनर्निर्माण एवं कवर करना, माता की चौकी, गोवर्धन पूजा छठ पूजा,होली मिलन,करवा चौथ कार्यक्रम, गणेश चतुर्थी पूजा, बिजली के पैनल बॉक्स को बदलना सफाई एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान आदि विकास कार्यों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से बैठक में ज़रूरतमंद को रक्त की आवश्यकता के मद्देनज़र ब्लड ग्रुप डेटा बैंक बनाने का निर्णय लिया गया ताकि जिस ब्लड ग्रुप की आवश्यकता होगी उस ग्रुप रक्तदाता से सम्पर्क करके ज़रूरतमंद की सहायता की जा सके।

निवासियों को आगामी कार्य योजना पार्किंग स्पॉट बनवाना, वाहन स्टीकर जारी करना, कॉमन एरिया को डेवलप करना आदि निवासियों के सामने रखें निवासियों द्वारा ध्वनिमत से सारे प्रस्ताव पारित किए गये

इस दौरान मुख्य रूप से आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा महासचिव प्रदीप सिंह उपाध्यक्ष पदमा नायडू कोषाध्यक्ष आर पी प्रजापति सह कोषाध्यक्ष आर पी वर्मा संयुक्त सचिव अजय श्रीवास्तव सविता केदार कुलदीप सिंह,अजय रस्तोगी आर पी सिंह,रणधीर कुमार, ज्योत्सनामयी आचार्य, सुरेश बन्ने, मुकेश कुमार आदि सहित सैकड़ों निवासी उपस्थित रहे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



खास खबर

## महाराष्ट्र के कांग्रेस सांसद वसंत चव्हाण का निधन, राष्ट्रपति ने जताया दुख

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के नांदेड़ से कांग्रेस सांसद वसंतराव चव्हाण का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सांसद के निधन पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, ह्लोकसभा सांसद वसंतराव बलवंतराव चव्हाण के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। एक सांसद के रूप में उन्होंने लोगों की भलाई और महाराष्ट्र के विकास के लिए काम किया। मैं उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं।

## डिवाइडर पर सो रहे लोगों पर चढ़ा ट्रक, तीन की मौत, दो गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शास्त्री पार्क इलाके में बेघर लोगों जो डिवाइडर पर सो रहे थे उन्हें एक ट्रक ने रौंद दिया। सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे हुए इस हादसे में घायल पांचों लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरो ने तीन को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो की हालत गंभीर होने से उन्हें जीटीबी रेफर किया गया है। हादसे के बाद आरोपित ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक शास्त्री पार्क क्षेत्र में सुबह करीब पांच बजे पीसीआर कॉल मिली। सीलमपुर से आ रहा एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया और फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया। घायलों को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया। जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया। ट्रक ड्रायवर वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। आरोपी चालक को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। शास्त्री पार्क थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस मृतकों और घायलों का नाम और अन्य जानकारी का पला लगाने का प्रयास कर रही है।

## सिक्किम के विधायकों की एक मुस्त 28000 रुपए महीना बढी पेंशन

**गंगटोक ।** सिक्किम सरकार ने सिक्किम के पूर्व विधायकों के 22 वें स्थापना दिवस पर अपने विधायकों को बड़ा तोहफा दिया है। अभी सिक्कम में विधायकों की पेंशन 22000 रुपए महीने थी। इसे बढ़ाकर 50000 रुपए कर दिया गया है। जिन विधायकों ने अपना कार्यकाल पूरा किया है। उन्हें 50000 रुपए पेंशन न्यूनतम दी जाएगी। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने यह घोषणा की है। शनिवार को वह पूर्व विधायक संघ के 22 में स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। विधायकों की जो पेंशन वर्तमान में थी। उससे ज्यादा की वृद्धि एक ही बार में कर दिए जाने की चर्चा सिक्किम में बड़े जोर शोर से हो रही है।

## पंजाब सरकार ने बढाया वाहनों पर टैक्स

**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर लगने वाले टैक्स को 1 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। इससे आम जनता तक पहुंचने वाले वाहन महंगे हो जाएंगे। मोटर वाहन पर टैक्स नई दरें वाहन की वास्तविक कीमत पर लागू होंगी। चलिए जानते हैं गाड़ियों की कीमत कितनी बढ़ सकती है। नई दरों के अनुसार, 15 लाख रुपये तक की लागत वाले चार पहिया वाहन पर टैक्स 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसका मतलब है कि वाहन के लिए अब आपको 7,500 रुपये अधिक चुकाने होंगे। 15 लाख रुपये से अधिक लेकिन 25 लाख रुपये के अंदर आने वाली कारों की कीमत में लगभग 25,000 रुपये की बढ़ोतरी होगी। इन कारों पर टैक्स की दर एक प्रतिशत बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दी गई है। परिवहन विभाग की अधिसूचना के अनुसार, 25 लाख रुपये से अधिक कीमत वाली कारों के लिए एक और कैटेगरी जोड़ी गई है और इस पर 13 प्रतिशत की दर से टैक्स लगाया गया है। अधिसूचना के अनुसार, एक लाख रुपये तक की लागत वाले दोपहिया वाहनों के लिए टैक्स 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया गया है। यदि दोपहिया वाहन की कीमत एक लाख रुपये से अधिक, लेकिन दो लाख रुपये से कम है।

# जन्माष्टमी: मथुरा समेत देशभर के कृष्ण मंदिरों में उमड़े भक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मथुरा सहित देशभर में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जा रहा है। हालांकि, वृन्दावन में जन्माष्टमी मंगलवार यानी 27 अगस्त को मनाई जाएगी। यह भगवान कृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि कृष्ण जन्मस्थान मंदिर जो आमतौर पर 12 घंटे के लिए खुलता है। वो 26 अगस्त को 20 घंटे खुला रहेगा, जिससे भक्त भगवान के निर्बाध दर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि मंदिर के गर्भगृह को कंस की जेल के रूप में बदल दिया गया है।अजन्मे के जन्म के दौरान द्वापर युग में मौजूद स्थितियों को दिखाने की कोशिश करेंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर में परिसर जन्माष्टमी की पूर्व शाम को महोत्सव के दौरान 5251 दीए जलाए गए।

### कान्हा के जन्म दिन पर जलाए 5251



संस्थान के अधिकारियों के अनुसार, श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर में जन्माष्टमी का उत्सव सुबह साढ़े पांच बजे से शुरू हो गया है। सबसे पहले ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक और पुष्पांजलि के साथ-साथ मंगला आरती से उत्सव शुरू हो गया है। संत नृत्य गोपाल दास के नेतृत्व में आधी रात को ठाकुर जी के बाल स्वरूप का महाभिषेक होगा। ये समारोह रात करीब 11 बजे से शुरू कर रात करीब 12.40 तक जारी रहेगा। ये उत्सव रात 2 बजे शयन आरती के साथ खत्म होगा। उन्होंने कहा कि इस दिन दो प्रमुख शोभा यात्रा और एक आध्यात्मिक शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी जो शहर के प्रमुख बाजारों को कवर करेगी। जानकारों का मानना है कि इस बार जन्माष्टमी पर 45 मिनट द्वापर युग जैसा संयोग बन रहा है जो काफी शुभ माना जा रहा है। इस तरह देशभर में मंदिर और चौक-चौहारे जन्माष्टमी के भव्य उत्सव के लिए सजकर तैयार हो गए हैं।

### भगवान महाकाल की छठी सवारी धूमधाम से निकलेगी, छह स्वरूप में देंगे दर्शन



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की श्रावण-भाद्रपद मास में निकलने वाली सवारी के क्रम में आज भाद्रपद मास के प्रथम सोमवार को भगवान महाकाल की छठी सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। रजत पालकी में सवार होकर अवंतिकानाथ अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए नगर का भ्रमण करेंगे। इस दौरान भगवान महाकाल छह स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक गणेश कुमार धाकड ने बताया कि आज सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का सुखद संयोग बना है। इस अवसर पर शाम चार बजे महाकालेश्वर मंदिर से बाबा महाकाल की छठी सवारी निकाली जाएगी। सवारी में भगवान महाकालेश्वर पालकी में श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में तथा हाथी पर मनमहेश के रूप में, गरुड़ रथ पर शिव तांडव तथा नंदी रथ पर उमा- महेश रूप में और डोल रथ पर श्री होल्कर स्टेट के मुखारविंद के साथ ही घटाटोप स्वरूप में सवार होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि सवारी निकलने के पूर्व महाकालेश्वर मंदिर के सभा मंडप में भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर का विधिवत पूजन होगा।

## उत्तराखंड की 4000 महिला अभ्यर्थियों को टाटा में नौकरी का अवसर

**देहरादून।** धामी सरकार निरंतर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों के अलावा निजी क्षेत्र व स्वरोजगार के क्षेत्र में युवाओं को अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में उत्तराखंड की चार हजार महिला अभ्यर्थियों को टाटा में नौकरी का अवसर मिला है। टाटा समूह राज्य में नियुक्त प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ करेगा। राज्य के युवाओं को सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में रोजगार दिलाने के लिए उत्तराखंड सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, राज्य के नियोजन विभाग को देश की नामी कंपनी टाटा ग्रुप से पत्र प्राप्त हुआ है। टाटा समूह के चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर रंजन बंदोपाध्याय की ओर से इस सिलसिले में राज्य के नियोजन विभाग के स्टेट पीपीपी एक्सपर्ट एवं नोडल फॉर ईएपी सुमंता शर्मा को पत्र भेजा गया है।

## सागर द्वीप के दक्षिण में डूबा जहाज आईटीटी प्यूमा, आईसीजी ने बचाई 11 लोगों की जान



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर जाते समय सागर द्वीप के दक्षिण में 90 समुद्री मील की दूरी पर मालवाहक जहाज एमवी आईटीटी प्यूमा सोमवार रात डूब गया लेकिन भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने रात्रि अभियान चलाकर तड़के 11 लोगों की जान बचा ली। आईसीजी के दो जहाजों सारंग और अमोघ ने डोर्नियर विमानों के साथ रातभर समन्वित समुद्री-वायु राहत एवं बचाव कार्य चलाया। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि चेन्नई स्थित समुद्री खोज एवं बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) को 25 अगस्त की शाम को 04.25 बजे एमवी आईटीटी प्यूमा से एक संकटकालीन ई-मेल प्राप्त हुआ। इसके जवाब में कोलकाता के आईसीजी क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पूर्व) ने तत्काल खोज और बचाव कार्यों के लिए दो आईसीजी जहाजों सारंग और अमोघ के साथ एक डोर्नियर विमान को तैनात किया। उन्नत रात्रि-सक्षम सेंसरों से लैस डोर्नियर विमान 07.50 बजे क्षेत्र में पहुंचा और लापता चालक दल की खोज शुरू की। आईसीजी के जहाजों और विमान ने लगभग 08.15 बजे समुद्र में बहते हुए जहाज का पता लगाया।

## गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में हो सकती है तेज बारिश

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश और उससे सटे पूर्वी राजस्थान पर बना दबाव का क्षेत्र ज्यादा दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है दो-तीन दिन में दोनों राज्यों के अलावा गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी से ज्यादा भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। आईएमडी के अनुसार दक्षिणी राजस्थान और गुजरात को प्रभावित करने और 29 अगस्त तक सौराष्ट्र, कच्छ और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों तक पहुंचने के आसार हैं। बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में भी कम दबाव का क्षेत्र बना है। अगले दो दिन में इसके और तीव्र होने और उत्तरी ओडिशा और झारखंड की ओर बढ़ने की संभावना है।

## सीबीआई छापेमारी के बाद फिर संदीप घोष से पूछताछ, तीन और लोग हुए हाजिर



एजेंसी

**कोलकाता।** यहां आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने सोमवार को फिर से सीबीआई कार्यालय में हाजिरी दी। उन्होंने कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान सीबीआई अधिकारी भी वहां पहुंचे। यह लगातार दसवां दिन है, जब संदीप सीबीआई कार्यालय में हाजिर हुए। इसके साथ ही, आरजी कर अस्पताल के फोरेंसिक विभाग के प्रमुख देवाशीष सोम और पूर्व सुपरिंटेंडेंट संजय बशिष्ठ ने भी सोमवार को निजाम पैलेस में सीबीआई कार्यालय में हाजिरी दी। केंद्रीय एजेंसी ने रविवार को उनके घरों की तलाशी ली थी और सोमवार को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था। संदीप घोष से सीबीआई ने आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के मामले में शुक्रवार से लगातार पूछताछ की है। उन्हें हर दिन सुबह सीजीओ कॉम्प्लेक्स में हाजिर होने के लिए कहा गया और रात में वे घर लौट जाते हैं। उन्होंने इस दौरान मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। शनिवार तक नियमित हाजिरी देने के बाद संदीप रविवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स नहीं पहुंचे।

## 1 अप्रैल 2025 से पीछे सीट के लिए भी सीट बेल्ट अनिवार्य

- केंद्र सरकार ने नए सुरक्षा मानकों का प्रस्ताव किया

एजेंसी

नई दिल्ली। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने भारतीय वाहनों के लिए नए सुरक्षा मानकों का प्रस्ताव किया है। नए नियम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीछे की सीट पर बैठे सभी यात्री सीट बेल्ट पहनें, जिससे दुर्घटनाओं की स्थिति में चोट लगने का जोखिम कम हो सके। इस प्रस्ताव के अनुसार, 1 अप्रैल, 2025 के बाद बनी सभी यात्री कारों (एम-1 श्रेणी) में पीछे वाली सीटों के लिए भी सीट बेल्ट रिमाइंडर अनिवार्य होगा। ये नियम केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर), 1989 के तहत एआईएस-145-2018 के हिस्से के रूप में प्रस्तावित किए गए हैं। इन नियमों के तहत, विशेष सुरक्षा सुविधाओं जैसे कि सीट बेल्ट, नियंत्रण प्रणाली (रेस्ट्रेंट सिस्टम), और सीट बेल्ट रिमाइंडर का उपयोग आवश्यक होगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) की दिसंबर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में 16,715 लोगों की मौत सीट बेल्ट न पहनने के कारण हुई थी।

## यूक्रेन ने रूसी इमारत को कर दिया धुआं-धुआं



एजेंसी

**कीव।** रूस-यूक्रेन जंग और भयावह होती जा रही है। कुछ समय पहले तक रूस के सामने यूक्रेन बैकफुट पर था, मगर अब फ्रंटफुट पर आकर यूक्रेन खेल रहा है। यूक्रेनी आर्मी ने रूस के सारातोव शहर की सबसे बड़ी बिल्डिंग पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले के बाद रूस की ऊंची इमारत पूरी तरह से धुआं-धुआं हो गई।रूस पर यह अटैक 9/11 जैसा हमला है। सारातोव में रिहायशी इलाके में मौजूद बिल्डिंग में यूक्रेन ने ड्रोन से हमला किया है। बताया जा रहा है कि यूक्रेन का टारगेट रूस का एंगेल्स एयरबेस था। मगर उससे 12 किलोमीटर पहले ही यूक्रेन का ड्रोन सारातोव में बिल्डिंग से टकरा गया। इसके बाद भयंकर धमाका हुआ और इमारत पूरी तरह से धुआं-धुआं हो गई। दरअसल, रूस का एंगेल्स एयरबेस रणनीतिक तौर पर काफी अहम है। एंगेल्स एयरबेस रूस का बमवर्षक एयरबेस है, जिस पर फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेन ने कई बार हमला किया है। यूक्रेन इस एयरबेस पर हमला कर-के पुतिन की कमर तोड़ना चाह रहा है। बताया गया कि रूस के सारातोव क्षेत्र के दो प्रमुख शहरों में यूक्रेन ने ड्रोन से हमले किए। यूक्रेन के ड्रोन हमले में एक महिला घायल हो गई और कई घरों को नुकसान पहुंचा है। रूस का कहना है कि उसने वायु रक्षा प्रणालियों कुछ ड्रोनों को नष्ट कर दिया।

## इजरायल मामले में एकमत नहीं हैं एनडीए के नेता, जेडीयू विपक्ष का दे रहा साथ

एजेंसी

**तेल अबीब।** केंद्र की एनडीए सरकार में शामिल राजनैतिक दल इजरायल मामले में एकमत नहीं हैं। इस मुद्दे पर जेडीयू विपक्ष के साथ खड़ी दिखाई दे रही है। जेडीयू के एक सीनियर पदाधिकारी ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी का समर्थन करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार को इजरायल की मदद तत्काल बंद कर देनी चाहिए। उनका कहना है कि भारत सरकार मासूम फिलिस्तीनियों की जान लेने वाले इजरायल को हथियारों की सप्लाई कर रहा है जिसपर तुरंत रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनियों के नरसंहार में भारत इजरायल का साथ नहीं दे सकता।एक संयुक्त् बयान में कहा गया, हम इजरायल द्वारा फिलिस्तीनियों पर हो रहे अत्याचार और नरसंहार की निंदा करते हैं। इस तरह का अत्याचार मानवता के खिलाफ है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का भी उल्लंघन करता है। ऐसे में केंद्र सरकार से निवेदन है कि वह इजरायल को मिलने वाली हथियारों की सप्लाई पर रोक लगा दे। एक राष्ट्र के रूप में हम हमेशा ही मानवता की वकालत करते हैं और इस तरह से नरसंहार में शामिल नहीं हो सकते।नई दिल्ली में अल गुद्स के महासचिव मोहम्मद मकराम बलावी ने एक बैठक का आयोजन किया था।

## थाईलैंड में होने वाला बिम्स्टेक शिखर सम्मेलन फिलहाल स्थगित

- नए तारीख का ऐलान सभी सदस्य देशों के साथ परामर्श के बाद किया जाएगा

एजेंसी

**काठमांडू।** थाईलैंड में नए राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच 18-19 अगस्त को बैंकॉक में होने वाला छठा बिम्सटेक शिखर सम्मेलन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने संबंधित देशों को पत्र लिखकर फिलहाल शिखर सम्मेलन को आयोजित करने में असमर्थता जताई है। पत्र में कहा गया है कि बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों के कारण बिमस्टेक शिखर सम्मेलन का आयोजन संभव नहीं है। नई तारीख का ऐलान सभी सदस्य देशों के साथ परामर्श के बाद किया जाएगा। नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत राई ने कहा कि शिखर सम्मेलन के स्थगित होने की आधिकारिक जानकारी मिल गई है। विदेश मंत्रालय को मिले पत्र में बिम्स्टेक शिखर बैठक की नई तारीख का ऐलान भी सदस्य देशों से चर्चा के बाद तय किए जाने की बात उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 जुलाई को थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने नैतिक उल्लंघन के मामले में प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को बर्खास्त कर दिया था। इसी के साथ ही बिम्स्टेक सम्मेलन को लेकर संशय बरकरार था। उसके बाद 32 वर्षीया पेटोंगटार्न शिनवात्रा प्रधानमंत्री बनी। वह पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी हैं। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने पत्र में कहा कि नई सरकार के गठन के साथ आवश्यक संसदीय और कानूनी प्रक्रियाओं के कारण बिम्सटेक शिखर सम्मेलन समय पर आयोजित नहीं किया जा सकता है। हालांकि, नेपाल सरकार ने सम्मेलन में भाग लेने की तैयारी कर ली थी लेकिन अब इसे रोक दिया गया है। बिम्स्टेक में नेपाल को 2004 में सदस्यता मिली थी।

## बांग्लादेश पहले हिंसा की आग में जला अब बारिश और बाढ़ ने बरपाया कहर

- 50 लाख लोग हुए प्रभावित



एजेंसी

**ढ़ाका।** बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद भड़की हिंसा में सैकड़ो लोगों ने जान गंवा दी है। अब यहां बाढ़ और बारिश का कहर बरप रहा है। अब तक बाढ़ की वजह से 20 लोग जान गवा चुके हैं। वहीं, 50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ के पानी के कारण लोगों को भोजन, स्वच्छ पानी, दवा और सूखे कपड़ों की तत्काल आवश्यकता है, विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में जहां सड़कें अवरुद्ध होने के कारण बचाव और राहत कार्य बाधित हो रहे हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि लगातार मानसूनी बारिश और नदियों के उफान के कारण बांग्लादेश में आई बाढ़ से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है और 5.12 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के पानी ने कई लोगों को अलग-थलग कर दिया है और उन्हें भोजन, स्वच्छ पानी, दवा और सूखे कपड़ों की तत्काल आवश्यकता है, खासकर दूरदराज के इलाकों में जहां अवरुद्ध सड़कों ने बचाव और राहत प्रयासों में बाधा उत्पन्न की है। सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने एक टेलीविजन संबोधन में कहा कि प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए सामान्य स्थिति में तेजी से वापसी सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय अपनाए हैं। बता दें कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता यूनुस अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। यूनुस वही हैं जिन्हें इस महीने छात्र नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़कर भाग जाने के बाद शपथ दिलाई गई थी। कोमिला जिले के एक गांव के 65 वर्षीय किसान अब्दुल हलीम ने बताया कि आधी रात को बाढ़ के पानी के 10 फुट ऊंचे उफान में उनकी मिट्टी की झोपड़ी बह गई।

## पृष्ठ एक के शेष....

**छात्र संगठनों पर ....**

हर दिन हम छात्रों से बात करते हैं और संकाय सदस्य अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं ताकि मरीजों को परेशानी न हो। मुझे लगता है कि आरजी कार धीरे-धीरे सामान्य जीवन में वापस आ रहे हैं क्योंकि मरीज की संख्या जो लगभग 100 थी, अब 1000 को पार कर गई है। ओपीडी और इमरजेंसी सहित सभी विभाग काम कर रहे हैं।

**सेक्टर-80 में अडानी....**

अडानी एंटरप्राइजेज को पहले भी एक आईटी/आईटीईएस परियोजना के लिए सेक्टर 62 में एक संस्थागत भूखंड के लिए एसपीवी को सब-लीज की अनुमति दी गई थी। इस प्रकरण ने भी वर्तमान निर्णय को प्रभावित किया होगा। अंत में, पिछले महीने प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई और फिर मंजूरी दे दी गई। यह निर्णय दिसंबर 2022 में संशोधित डेटा सेंटर नीति के अनुरूप लिया गया है।

**सेक्टर-122 में....**

उन्होंने कहा कि वह नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम से मिलकर इसकी शिकायत करेंगे। इसके बावजूद भी यदि टॉवर का फैसला वापस नहीं लिया गया तो सैकड़ों निवासियों के साथ नोएडा प्राधिकरण पर धरना व प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

**चार बदमाश गिरफ्तार.....**

03 जिन्दा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल यामाहा एमटी जोकी ई पुलिस स्टेशन क्राईम ब्राँच दिल्ली से चोरी है, बदमाश धीरेन्द्र , पुरषोत्तम , इमरान अपने साथी सुधीर गुप्ता को लूटे/चोरी किये मोबाइल बेचते है ।

बदमाशो से 14 मोबाइल भिन्न भिन्न कम्पनी के व चोरी की एक मो0सा0, 8 हजार रुपये नगद बरामद हुए है। उक्त बदमाश एनसीआर क्षेत्र में राह चलते लोगो से मोबाइल स्नैचिंग व चोरी करने के अभ्यस्त अपराधी है। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध विभिन्न थानों में विभिन्न अभियोग पंजीकृत है। घायल बदमाशो को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया जा रहा है। अन्य जानकारी की जा रही है।

**सेक्टर-73 में कार ....**

वहां खड़ी कार का चौहान पक्ष ने लाठी डंडे और क्रिकेट के बैट से हमला कर शीशा तोड़ दिया।

उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने राजीव चौहान, श्रीमती प्रियंका चौहान, आशीष, नितिन छिब्बा, ममता छिब्बा आदि को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना की एक वीडियो सोमवार से सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।

**चोर गिरफ्तार...**

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-43 मे स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग से कॉपर वायर चोरी करके जा रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने चोरी की कई वारदातें करनी स्वीकार की है।

## शराब नीति घोटाले में के. कविता को मिली जमानत

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने आज दिल्ली शराब नीति घोटाले में बीआरएस नेता के कविता को जमानत दे दी। जमानत का आदेश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को भी फटकार लगाई और उनकी जांच के तरीके पर सवाल उठाए। तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर की बेटी और बीआरएस से एमएलसी के कविता 15 मार्च से पुलिस हिरासत में हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें हाईकोर्ट ने के. कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने के. कविता को दोनों मामलों में 10-10 लाख रुपये का जमानत बांड भरने, गवाहों से छेड़छाड़ न करने और गवाहों को प्रभावित न करने की शर्त पर जमानत देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों ईडी और सीबीआई से पूछा कि उनके पास के कविता के कथित घोटाले में शामिल होने के क्या सबूत हैं और जो सबूत हैं वो अदालत को दिखाएं।

## पेड़ से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ओमीक्रान सेक्टर में प्रेस का काम रहने वाले एक युवक का शव 8 अगस्त को पेड़ की डाल से लटका हुआ मिला था। उसके भाई का आरोप है कि उसकी हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ओमिक्रान सेक्टर में प्रेस का काम करने वाले सुरेंद्र (35 वर्ष) मूलनिवासी जनपद हरदोई का शव बीती 8 अगस्त को पेड़ की डाल से लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि पुलिस को आशंका है कि उसने आत्महत्या किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं मृतक के भाई महेश का कहना है कि उसके भाई की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। उसका आरोप है कि पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है।

## खास खबर

### कबड्डी कम समय में खेले जाने वाला सबसे रोमांचक खेल: कविता योगेश बाबर

**धमतरी ।** राज बंधु कबड्डी दल एवं ग्राम विकास समिति सारंगपुरी के तत्वाधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अतिथि क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर थी ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मा सोनकर सरपंच ने की। आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आए हुए खिलाड़ियों ने अपना खेल का प्रदर्शन किया। सभा को संबोधित करते हुए कविता बाबर ने कहा कि मानव जीवन में खेल कूद का एक अपना विशिष्ट योगदान रहता है, क्योंकि खेलने कूदने से शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। कबड्डी का खेल भारतीय संस्कृति और परंपरा का ऐतिहासिक खेल है जो कि आज अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना चुका है। कबड्डी लीग के माध्यम से अन्य देशों के खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेते हैं। यह खेल अत्यंत कम समय में संचालित होता है लेकिन इसका रोमांच अपने चरम सीमा में होता है। खिलाड़ी खेल भावना से खेलें, हार-जीत होती रहती है। आज हार गए तो अपनी गलतियों को सुधारकर कल आप जरूर जीत की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने समस्त खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर ग्राम सरपंच पद्मा प्रीतम सोनकर, दयालु राम नेताम, मनोहर सोनकर, आशा राम यादव, नोहर यादव, करण यादव एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सीएमा क्रिकेट प्रीमियर लीग 28 और 29 अगस्त से

**इन्दौर ।** मध्य भारत के इवेंट मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की संस्था सेंट्रल इंडियन इवेंट मैनेजर वेलफेयर एसोसिएशन, सीएमा द्वारा अपने सदस्यों के लिए समय - समय पर क्रिएटिव इवेंट्स आयोजित किये जाते रहते हैं। इसी कड़ी में 28 और 29 अगस्त को दो दिवसीय सीएमा क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। सीएमा के चेयरमेन निमेष पितलिया ने कहा कि क्रिकेट एक मजेदार और स्ट्रेस दूर करने वाली एक्टिविटी होने के साथ साथ टीम बिल्डिंग का भी एक बड़ा खेल है। इसी कारण हम ये दो दिन का क्रिकेट प्रीमियर लीग कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि यह ईवेंट क्रिकेट की ही तरह हमारे बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ नेटवर्किंग और रिलेशनशिप को बढ़ावा देने में मदद करेगा।
सीएमा क्रिकेट प्रीमियर लीग में कुल 12 टीमें होंगी, जिन्हें तीन-तीन के चार ग्रुप में बांटा गया हैं। प्रत्येक समूह से दो टीमें सुपर 8 चरण में आगे बढ़ेंगी। हरेक टीम में 7 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी होंगे। 2 अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी टीम में रखा जाएगा। सभी लीग मैच 7 ओवर के होंगे जिसमें से एक महिला खिलाड़ी द्वारा फेंका जाएगा। क्वालीफाइंग सुपर 8 टीमें भी 7 ओवर के मैचों में भाग लेंगी। सेमीफाइनल में 8 ओवर का मैच होगा, जबकि फाइनल 10 ओवर का मैच होगा।
सीएमा के सेक्रेटरी ध्रुव मेहता ने बताया कि सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों को मौका दिया जा रहा है, जिनके पास इवेंट्स या जुड़ी हुई इंडस्ट्री में कार्य करने का कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव है। हमने इस क्रिकेट लीग में प्रोफेशनल और इंडस्ट्री से बाहर के खिलाड़ियों को खेलने का मौका नहीं दिया है।

### काइरेन विल्सन ने जीता विश्व स्नूकर शीआन ग्रैंड प्रिक्स का खिताब

**शीआन ।** विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी काइरेन विल्सन ने 7-8 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रविवार को जूड ट्रम्प को 10-8 से हराकर शीआन ग्रैंड प्रिक्स में अपना सातवां विश्व स्नूकर रैंकिंग खिताब जीत लिया है। रात के सत्र से पहले, विल्सन ने ट्रम्प के खिलाफ 5-4 की बढ़त ले ली थी। ट्रम्प और विल्सन ने दसवें और ग्यारहवें फ्रेम में जीत हासिल की, इससे पहले ट्रम्प ने लगातार दो फ्रेम जीतकर अंतिम अंतराल से पहले 7-6 की बढ़त हासिल की, लेकिन 14वें फ्रेम में विल्सन के 76 ने उन्हें बराबरी पर ला दिया।

# पोलिश कबड्डी खिलाड़ी , जीपीकेएल के लिए तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत में आगामी ग्लोबल प्रवासी महिला कबड्डी लीग (जीपीकेएल) में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार पोलिश खिलाड़ियों ने अपनी भागीदारी को लेकर काफी उत्साह व्यक्त किया है। पिछले सप्ताह, प्रधानमंत्री मोदी दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मनाने के लिए पोलैंड में थे। अपने मुख्य भाषण के दौरान, उन्होंने कबड्डी को दोनों देशों के बीच एक साझा सूत्र बताया था। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा था, ‘हम कबड्डी के खेल के माध्यम से जुड़े हुए हैं। यह खेल भारत के माध्यम से पोलैंड पहुंचा और उन्होंने इसे बहुत ऊंचाइयों पर पहुंचाया। पोलैंड पहली बार कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। मैं उनकी टीम को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। भारत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होने वाले एक अभूतपूर्व टूर्नामेंट जीपीकेएल की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इस आयोजन में अपने पहले सत्र में 15 से अधिक देशों की महिला कबड्डी खिलाड़ी हिस्सा लेंगी, जिसमें पोलैंड प्रमुख प्रतिभागियों में से एक है। पोलैंड के अलावा इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड, अर्जेंटीना, कनाडा और इटली जैसे देशों सहित विविध पृष्ठभूमि के एथलीटों ने भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है। पोलिश खिलाड़ियों ने अपने देश में कबड्डी को पेश करने के लिए भारत के प्रति लगातार आभार व्यक्त किया है। जीपीकेएल के आयोजन के पीछे मुख्य निकाय, होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिप्सा) की अध्यक्ष कांथी डी सुरेश ने अन्य यूरोपीय देशों की महिलाओं के साथ-साथ पोलैंड की महिला खिलाड़ियों की भागीदारी की पुष्टि की। उन्होंने 40 देशों से भागीदारी तक पहुंचने के लक्ष्य पर जोर दिया, जो ओलंपिक में शामिल होने के लिए अनिवार्य आवश्यकता है। अपनी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने वारसॉ में पोलैंड के कबड्डी महासंघ के अध्यक्ष मिशल स्पिज्को और पोलैंड के कबड्डी महासंघ की बोर्ड सदस्य अन्ना कालबार्स्की से भी मुलाकात की। पीएम मोदी के साथ बैठक का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा, जिसमें मिशल स्पिज्को ने यह विचार व्यक्त किया कि भारत को 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए बोली लगाने पर विचार करना चाहिए और कबड्डी को इसमें शामिल करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। जीपीकेएल का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर कबड्डी को बढ़ावा देना भी है, जो ओलंपिक खेलों में इसके शामिल होने की दिशा में एक बड़ा कदम है और 2036 में ग्रीष्मकालीन खेलों की मेजबानी के लिए भारत की बोली का समर्थन करता है। आयोजक सभी महाद्वीपों से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर रहे हैं, जिसमें छह टीमों में से प्रत्येक में कम से कम तीन महाद्वीपों के खिलाड़ी शामिल हों।



### हार के लिए कोई बहाना नहीं बना सकते : शान मसूद

**रावलपिंडी ।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही टेस्ट में मिली करारी हार से निराश हैं। मसूद ने माना है कि उनकी टीम अपने घरेलू हालातों को भी ठीक से समझ नहीं पायी। बांग्लादेश की ये पाक धरती पर पहली टेस्ट जीत है। मसूद ने मैच के बाद कहा, हमें हार के लिए कोई बहाना नहीं बनाना चाहिए, यह पिच उस तरह से नहीं चली जैसा हमने सोचा था। मैच के दस दिन दिन पहले बारिश हुई थी। इससे हमें उम्मीद थी कि पिच बेहतर करेगी पर ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा, अपने पहली पारी समय से पहले घोषित कर गलती की थी। हम खेल को आगे बढ़ाना चाहते थे। साथ ही गेंद और मैदान में हम उन्हें बराबरी पर रखने के लिए बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। हम हालातों को समझ नहीं पाये। साथ ही कहा कि जब आप ड्रॉ के लिए खेल रहे होते हैं तो अजीब चीजें हो सकती हैं। दबाव में बहुत कुछ हो सकता है।

## चिकनगुनिया से उबरने के लिए एचएस प्रणय ने लिया ब्रेक

एजेंसी


**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने सोमवार को कहा कि वह अपने शरीर को चिकनगुनिया के प्रभाव से पूरी तरह से उबारने के लिए खेल से ब्रेक ले रहे हैं, जिसने पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला था। 32 वर्षीय, 2022 थॉमस कप खिताब विजेता और विश्व और एशियाई खेलों के कांस्य-पदक विजेता, मच्छर जनित वायरल बीमारी चिकनगुनिया से एक सप्ताह तक जूझने के कारण पेरिस ओलंपिक में सुस्त हो गए थे। इस बीमारी में जोड़ों में गंभीर दर्द होता है। प्रणय ने एक्स पर लिखा, ‘दुर्भाग्य से, चिकनगुनिया से लड़ाई ने मेरे शरीर पर बहुत बुरा प्रभाव डाला है, जिससे मुझे लगातार दर्द हो रहा है जिससे मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना असंभव हो गया है। उन्होंने कहा, अपनी टीम के साथ सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने रिकवरी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आगामी कुछ टूर्नामेंटों से हटने का फैसला किया है। इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान आपकी समझ और समर्थन के लिए धन्यवाद। मैं और मजबूती से वापसी करूंगा।"हालाँकि, प्रणय ने अपने ठीक होने की कोई समयसीमा नहीं बताई या उन टूर्नामेंटों का उल्लेख नहीं किया जिनसे उन्होंने नाम वापस ले लिया है। 2023 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले केरल के शटलर को पेट की गंभीर बीमारी और पीठ की गंभीर चोट सहित कई बीमारियों ने घेर लिया था। पेरिस खेलों में, पूरी तरह से फिट नहीं होने के बावजूद, प्रणय ने अपने दोनों ग्रुप मैच जीतकर 16वें राउंड में प्रवेश किया। हालांकि, वह प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन लक्ष्य सेन से हार गए।




## आर्मंड डुप्लांटिस नें दसवीं बार तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस ने रविवार को सिलेसिया डायमंड लीग मीटिंग में दूसरे प्रयास में 6.26 मीटर की छलांग लगाकर अपना ही पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। डुप्लांटिस ने 10वीं बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, इस महीने की शुरूआत में पेरिस में अपना ओलंपिक स्वर्ण पदक बरकरार रखते हुए उन्होंने 6.25 मीटर की दूरी तय की थी, और इस साल यह तीसरी बार था जब उन्होंने अपना खुद का रिकॉर्ड तोड़ा। 24 वर्षीय डुप्लांटिस ने पेरिस ओलंपिक में स्टेड डी फ्रांस की भीड़ को झूमने पर मजबूर कर दिया था, जब उन्होंने नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था, और हमेशा यह महसूस होता था कि डुप्लांटिस का काम अभी खत्म नहीं हुआ है। बुधवार को डुप्लांटिस ने लॉजेन में जीत के लिए 6.15 मीटर की दूरी तय की, लेकिन चोरजो के सिलेसिया स्टेडियम में, छह मीटर से आगे निकल जाने के बाद, उन्होंने बार को 6.26 तक बढ़ा दिया,उनका पहला प्रयास खराब रहा, जिससे उम्मीदें कम हो गईं, लेकिन फिर स्वीडन का यह खिलाड़ी तेजी से आगे बढ़ा और फिर इतिहास रच दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका के ओलंपिक रजत पदक विजेता सैम केंड्रिक्स ने 6.00 मीटर की दूरी तय की, लेकिन 6.08 मीटर की दूरी तय करने में विफल रहे और दूसरे स्थान पर रहे, जबकि पेरिस कांस्य पदक विजेता ग्रीस के इमैनुइल करालिस ने छह मीटर की दूरी तय करके तीसरा स्थान हासिल किया। फ्लेगलर ने कहा, जेस जोनासेन फिर से दुर्भाग्यशाली रही कि वह विश्व कप से बाहर हो गई, लेकिन जिस तरह से उसने वापसी की है, उससे हम प्रभावित हैं और हम घरेलू गर्मियों से पहले उसके फॉर्म पर नजर रखेंगे। विश्व कप के लिए चुनी गई टीम अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच भी खेलेगी, जिसमें ऑलराउंडर हीथर ग्राहम को भी शामिल किया गया है, जो यूएई नहीं जाएंगी।



**ऑस्ट्रेलिया महिला टी20 विश्व कप टीम-**
एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहम, टायला व्लामिन्क।

## 3000 मीटर स्टीपलचेज में 14वें स्थान पर रहे अविनाश साबले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेजर अविनाश साबले रविवार को सिलेसिया डायमंड लीग में निराशाजनक 14वें स्थान पर रहे। 29 वर्षीय मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन ने 8 मिनट 29.96 सेकंड का समय लिया और सबसे निचले स्थान पर रहे। सत्रह धावकों ने दौड़ पूरी की, जबकि तीन दौड़ पूरी नहीं कर सके। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के एल बक्काली सौफियान (8:04.29) ने दौड़ जीती, जबकि केन्या के अमोस सेरेम (8:04.29) और इथियोपिया के सैमुअल फायरवु (8:04.34) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस साल की शुरूआत में पेरिस ओलंपिक में शीर्ष छह फिनिशरों ने यहां प्रतिस्पर्धा की थी। पिछले महीने पेरिस डायमंड लीग में, साबले ने 8:09.91 के समय के साथ छठे स्थान पर रहते हुए अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। वह इस महीने की शुरूआत में पेरिस खेलों के दौरान ओलंपिक 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए थे।



## लीजेंड्स लीग क्रिकेट में शामिल हुए शिखर धवन

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के कुछ ही दिन बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में शामिल हो गए हैं। आधुनिक समय के सफेद गेंद के महान खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने वाले धवन अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और जीवंत व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। एलएलसी की एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से धवन ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट में शामिल होने को लेकर कहा, ‘लेजेंड्स लीग क्रिकेट के साथ इस नए अध्याय को शुरू करना मेरी सेवानिवृत्ति के बाद आदर्श प्रगति जैसा लगता है। मेरा शरीर अभी भी खेल की मांगों के लिए तैयार है। और जबकि मैं अपने निर्णय के साथ सहज हूं, क्रिकेट मेरा अभिन्न अंग है, यह मुझसे कभी नहीं छूटेगा, मैं अपने क्रिकेट मित्रों के साथ फिर से जुड़ने और नई यादें बनाते हुए अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं। शिखर के करियर में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं। वह 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने। उन्होंने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 44.1 के प्रभावशाली औसत, टी20ई में 27.92 और 91.35 के स्ट्राइक रेट के साथ 6,793 से अधिक रन बनाए हैं। भारतीय क्रिकेट टीम और इंडियन प्रीमियर लीग में उनके योगदान ने एक क्रिकेट आइकन के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत किया है। एक दशक से अधिक के अपने करियर में उन्होंने 269 मैच खेले और 40 की औसत से 10, 867 रन बनाए। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने लीग में धवन का स्वागत करते हुए कहा, ‘हम शिखर धवन को हमारे साथ जोड़कर रोमांचित हैं।




## डार्सी ब्राउन टी20 विश्व कप के लिए फिट, जेस जोनासेन बाहर




एजेंसी

**नई दिल्ली ।** डार्सी ब्राउन पैर के स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबर चुकी हैं और अब वह टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 खिलाड़ियों वाली टीम में शामिल हो गई हैं। इस टीम को बांग्लादेश से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया है। जेस जोनासेन, जिन्हें इस साल की शुरूआत में बांग्लादेश दौरे से बाहर रखा गया था, पहली बार विश्व कप से बाहर हैं, जबकि वह चयन के लिए उपलब्ध थीं। टीम में 15 खिलाड़ी हैं, जिनका नेतृत्व एलिसा हीली कर रही हैं। ऑस्ट्रेलिया लगातार चार टी20 खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा है।

## पाकिस्तान चैंपियंस कपः टीमों के मेंटर नियुक्त किए गए वकार यूनिस

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वकार यूनिस को तीन साल के अनुबंध पर पांच चैंपियंस कप टीमों के मेंटरों में से एक के रूप में नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की कि यूनिस, मिस्बाह-उल-हक, सकलैन मुश्ताक, सरफराज अहमद और शोएब मलिक के साथ चैंपियंस कप में मेंटर के रूप में काम करेंगे, जो 12 सितंबर से फैसलाबाद में शुरू होगा। पीसीबी ने एक बयान में कहा,मिस्बाह-उल-हक, सकलैन मुश्ताक, सरफराज अहमद, शोएब मलिक और वकार यूनिस को आज एक पारदर्शी और मजबूत भर्ती प्रक्रिया के बाद तीन साल के अनुबंध पर पांच चैंपियंस कप टीमों के मेंटर के रूप में पुष्टि की गई। उनकी टीमों और टीमों के नामों की उचित समय पर पुष्टि की जाएगी। पाकिस्तान की नई घरेलू प्रतियोगिता में मेंटर के रूप में नियुक्ति से पहले, यूनिस ने क्रिकेट मामलों पर पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के सलाहकार के रूप में कार्य किया। पांच चैंपियंस कप टीम के मेंटर्स ने 1,621 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें कुल 32,780 रन बनाए हैं और 1,503 विकेट लिए हैं। सरफराज और शोएब दो बार आईसीसी इवेंट विजेता हैं, मिस्बाह एक बार आईसीसी इवेंट विजेता और एसीसी एशिया कप 2012 विजेता कप्तान हैं, जबकि सकलैन और वकार 1999 विश्व कप फाइनल में खेलने वाली टीम के सदस्य थे। पीसीबी द्वारा जारी एक बयान में नकवी ने कहा, ‘चैंपियंस कप टीमों के लिए मेंटर के रूप में पांच असाधारण चैंपियनों का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। ये सभी अपने साथ प्रचुर मात्रा में क्रिकेट अनुभव, ज्ञान और विशेषज्ञता लेकर आते हैं, जो उस खेल के प्रति उनके जुनून के साथ मिलकर, जिसे हम सभी प्यार करते हैं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को सभी प्रारूपों में क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी के विकास और पोषण करने और पहचान बनाने में मदद करेगा।



### पाक की हार पर भड़के बासित बोले, शाहीन को आराम दो

**रावलपिंडी ।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने बांग्लादेश के खिलाफ मिली करारी हार के लिए टीम की आलोचना की है। बासिन ने कहा कि टीम ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। उन्होंने तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी पर भी जमकर निशाना साधा और कहा कि उन्हें घर भेजकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट को खेलने को कहना चाहिये। बासित ने कहा कि शाहीन ने इस मैच में बेहद खराब गेंदबाजी की थी। शाहीन ने पहली पारी में 88 रन देकर दो विकेट लिए थे। नई गेंद से प्रभाव छोड़ने में भी वह विफल रहे। शाहीन ने अंतिम ओवरों में दो विकेट लिए।

## 63वें सुब्रतो कप : फाइनल में नोंगिरी प्रेस्बिटेरियन का सामना मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज से



एजेंसी

**बेंगलुरु ।** 63वें सुब्रतो कप सब-जूनियर बॉयज इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में नोंगिरी प्रेस्बिटेरियन सेकेंडरी स्कूल, मेघालय का सामना मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज, उत्तर प्रदेश से होगा। खिताबी मुकाबला 28 अगस्त को यहां आर्मी सर्विसेज कॉर्प सेंटर में खेला जाएगा। नोंगिरी प्रेस्बिटेरियन ने कड़े मुकाबले में बांग्लादेश क्रीरा शिक्खा प्रोटिस्टन को अतिरिक्त समय में 2-1 से हराया, जबकि मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज, उत्तर प्रदेश ने सेंट स्टीफंस स्कूल, चंडीगढ़ को 3-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहले सेमीफाइनल में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिससे पहला हाफ गोलरहित समाप्त हुआ। नोनगिरी प्रेस्बिटेरियन ने दूसरे हाफ में पेनल्टी के जरिए बढ़त हासिल की, यह गोल मार्क ने किया। हालांकि 9 मिनट बाद ही बांग्लादेश के नफीक ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया, जिससे खेल अतिरिक्त समय में चला गया। अतिरिक्त समय में नामेबनलम ने एक बेहतरीन गोल कर मेघालय के स्कूल को फाइनल में पहुँचा दिया। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज ने दूसरे सेमीफाइनल में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और पूरे मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। उन्होंने आठवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली जब अर्सलान ने लेफ्ट विंग से एक लो क्रॉस को गोल पोस्ट में डाल दिया। उत्तर प्रदेश की टीम ने पहले हाफ में ही अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

## पीसीआई प्रमुख ने सुलभता भागीदार के प्रावधान की सराहना

- दिव्यांग एथलीटों के दर्द को समझा गया है
- 2020 टोक्यो पैरालिंपिक में, भारत ने पांच स्वर्ण पदक, आठ रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 19 पदक जीते

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पेरिस पैरालिंपिक 2024 से पहले, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने रविवार को दल के लिए स्वयं (स्मिनू जिंदल चैरिटेबल ट्रस्ट की एक गैर-लाभकारी पहल) को एक्सेसिबिलिटी पार्टनर के रूप में रखने के प्रावधान की सराहना की और कहा कि दिव्यांग एथलीटों के सामने आने वाली 'पीड़ा' और परेशानियों का अब समाधान हो गया है। पैरालिंपिक 2024 के लिए भारतीय दल के 20 से अधिक एथलीट रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे से पेरिस के लिए रवाना हुए। वे मेजबान देश में उम्मीदों, एक अरब देशवासियों की शुभकामनाओं और सभी सरकारी और निजी भागीदारों के समर्थन के साथ जा रहे हैं, जो एथलीटों को टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में स्थापित 19 पदकों के रिकॉर्ड को पार करने के लिए प्रेरित करेगा। पत्रकारों से बात करते हुए झाझरिया ने पेरिस पैरालिंपिक के लिए भारतीय दल के लिए सुगम्यता भागीदार के रूप में स्वयं को शामिल करने के पीसीआई के प्रयास के बारे में बात की, जिसका उद्देश्य हवाई अड्डे, प्रशिक्षण सुविधाओं तक स्थानीय आवागमन के दौरान खिलाड़ियों की यात्रा और सम्मान को आसान बनाना है। झाझरिया ने कहा, ‘स्वयं अपने आप में एक संदेश है। दिव्यांग एथलीटों के दर्द को समझा गया है। सुगम्य परिवहन पर काम किया जा रहा है। यह देश को एक नई दिशा दिखा रहा है कि दिव्यांग एथलीटों की क्या जरूरत है। पीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि एथलीटों के लिए सुगम्यता महत्वपूर्ण है और एक बार जब उन्हें यह ठीक से मिल जाती है, तो इससे एथलीटों को अधिक आत्मविश्वास मिलता है। उन्होंने कहा, एथलीटों के लिए सुगमता महत्वपूर्ण है। उन्हें बहुत यात्रा करनी पड़ती है। अगर उन्हें सुगमता मिलती है, तो वे अधिक आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से बेहतर महसूस करते हैं। स्वयं ने विशेष सुगम वाहन दान किए हैं, जिनमें व्हीलचेयर को रखा जा सकता है और एथलीटों को वाहन में चढ़ने के लिए व्हीलचेयर से उतरना नहीं पड़ता। टेबल टेनिस स्टार भाविना पटेल और सोनलबेन पटेल, पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार, मनीषा रामदास, स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा नागर, पैरा-एथलीट सचिन सरजेराव और साक्षी कसाना जैसे कई प्रतिष्ठित पैरा-एथलीट रविवार को पेरिस के लिए अपनी उड़ान पकड़ने के लिए हवाई अड्डे पर थे। 2020 टोक्यो पैरालिंपिक में, भारत ने पांच स्वर्ण पदक, आठ रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 19 पदक जीते।





कोलरेडो में अमेरिकी गोल्फर कीगन ब्रेडले शॉट लगाती हुई।



# मसाज थेरेपिस्ट
## कमाई संग सेवा का आनंद

**आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के लिए खुलकर सांस ले पाना भी मुश्किल हो गया है। बढ़ती स्पर्धा के कारण कम या ज्यादा तनाव का रहना भी रोजमर्रा की बात हो गई है। दैनिक जीवन से जुड़ी इन थका देने वाली समस्याओं से पार पाने के लिए लोग नए उपायों को तलाश रहे हैं। मसाज ऐसा ही एक उपाय है, जो व्यक्ति को आराम पहुंचाकर उसे फिर से ऊर्जा से भर देता है। अगर आप उपचार की वैकल्पिक पद्धतियों में विश्वास करते हैं और अपने हाथों से काम करने में खुशी महसूस करते हैं, तो आप मसाज थेरेपिस्ट के रूप में काम कर सकते हैं।**



### मसाज की शुरुआत

उपचार की एक विधा के रूप में मसाज के प्रयोग का आरंभ जिन परंपराओं और तकनीकों से हुआ, उनके प्रमाण प्राचीन इतिहास में मिलते हैं। भारत में मसाज थेरेपी की शुरुआत करीब तीन हजार ईसा पूर्व में हुई थी। आधुनिक समय में मसाज के लाभकारी प्रभावों को नए सिरे से तलाशा जा रहा है। मसाज थेरेपी की उपयोगिता के कारण इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस वजह से वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवाओं पर आधारित उद्योग क्षेत्र (वेल्नेस इंडस्ट्री) के दायरे में भी वृद्धि हुई है। नतीजा पेशेवर मसाज थेरेपिस्टों की मांग भी पैदा हो रही है। पेशे के रूप में मसाज थेरेपिस्ट के काम को देखें, तो यह एक ऐसा कार्य है, जो अच्छी कमाई के साथ-साथ क्लाइंट (मसाज कराने वाले) से दुआएं और शुभकामनाएं पाने का मौका देता है। लोग किसी मसाज थेरेपिस्ट के पास इसलिए जाते हैं, ताकि वह तनाव और चिंता से मुक्त होकर शारीरिक और मानसिक सुकून हासिल कर सकें। उम्मीद के मुताबिक मसाज थेरेपिस्ट की सेवा का लाभ मिलने पर क्लाइंट खुद को इतना आनंदित महसूस करते हैं कि संबंधित थेरेपिस्ट के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त करने लगते हैं।

### मसाज थेरेपिस्ट का कार्य

मसाज के दौरान उंगुलियों, हथेलियों और कोहनी का इस्तेमाल करके क्लाइंट के शरीर की मालिश की जाती है। इससे शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है, तंत्रिकाओं की सक्रियता बढ़ती है और मांसपेशियों को आराम मिलता है। इन लाभों की वजह से ही मसाज थेरेपी का प्रयोग तनाव, थकान, पुरानी बीमारियों और दुर्घटनाओं के कारण शरीर को पहुंची चोटों के ईलाज में किया जाता है। मसाज थेरेपिस्ट अपना काम शुरू करने से पहले मसाज के लिए आने वाले मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री, खानपान और जीवनशैली से जुड़ी आदतों का अध्ययन करते हैं। फिर अपने निष्कर्षो के आधार पर थेरेपिस्ट संबंधित क्लाइंट के लिए उपचार की एक योजना (ट्रीटमेंट प्लान) तैयार करते हैं। क्लाइंट के शारीरिक लक्षणों और उपचार के प्रभाव को देखते हुए वह उपचार योजना में बदलाव भी करते हैं। मसाज के लिए थेरेपिस्ट कई तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। कभी वह क्लाइंट के तनाव को कम करने के लिए मसाज के दौरान शरीर के कुछ भागों पर अतिरिक्त दबाव देते हैं, तो कभी खास औषधीय गुण वाले तेलों का प्रयोग करते हैं। रोग की प्रकृति के अनुसार मसाज थेरेपी की अवधि भी अलग-अलग होती है। यह कुछ महीने से लेकर सालभर तक हो सकती है। उपचार के बाद थेरेपिस्ट अपने क्लाइंट को बेहतर दिनचर्या और स्वास्थ्य के लिए जरूरी सलाह भी देते हैं। वह क्लाइंट के स्वास्थ्य और उपचार से संबंधित विस्तृत रिकॉर्ड भी रखते हैं, जो जरूरत के समय क्लाइंट के डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट के लिए मददगार साबित होते हैं।

### चुनौतीपूर्ण है काम

यह पेशा काम के लंबे घंटों की मांग करता है। क्लाइंट की आवश्यकता और उनकी संख्या के अनुसार लगातार घंटों तक काम करना पड़ सकता है। कई बार साप्ताहिक अवकाश और शाम के समय भी काम करना पड़ जाता है। आमतौर पर किसी एक क्लाइंट के मसाज पर 45 मिनट से दो घंटे तक का वक्त देना पड़ता है। समय की यह अवधि क्लाइंट की चिकित्सकीय जरूरत पर निर्भर करती है।

### रोजगार के अवसर

मसाज थेरेपिस्ट को स्पा, ब्यूटी सलून, हॉलिस्टिक हेल्थ क्लिनिक, फिटनेस सेंटर में नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा उन्हें खिलाड़ियों को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए खेल टीमों और स्पोर्ट्स क्लबों में भी रखा जाता है। नौकरी करने का मन न होने पर मसाज थेरेपिस्ट स्वतंत्र रूप से भी काम कर सकते हैं। अपनी इस भूमिका में वह क्लाइंट के घर जाकर या उसके कार्यस्थल पर पहुंचकर अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

### मसाज के हैं कई प्रकार

- अरोमाथेरेपी मसाज
- थाई मसाज
- हॉट स्टोन मसाज
- आयुर्वेदिक मसाज
- रिफ्लेक्सोलॉजी शिअत्सु



# कमाल का पेशा है एथिकल हैकिंग

वचरुअल दुनिया का दायरा जिस तरह दिन-दुनी रात-चौगुनी रफ्तार से बढ़ रहा है, आईटी (इफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) आधारित सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी परेशानी का सबब बन रही हैं। हर रोज दुनिया के किसी न किसी कोने में नेटवर्क, वेबसाइट और ई-मेल अकाउंट्स की सुरक्षा दांव पर लगी होती है। इंटरनेट पर साइबर अपराध के मामलों में चिंताजनक रफ्तार से वृद्धि देखी जा रही है। इन मामलों में किसी व्यक्ति या संस्था के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगाकर संवेदनशील डाटा चुराने से लेकर पासवर्ड चोरी करने, भद्दे ई-मेल भेजने और ई-मेल अकाउंट को हैक करने जैसी घटनाएं शामिल होती हैं। इंटरनेट से जुड़े कंप्यूटरों से सूचनाओं को अवैध ढंग से प्राप्त करने वालों को हैकर कहा जाता है। मगर जब यही काम कंप्यूटर सिस्टम के सुरक्षा उपायों को जांचने और उसे पुख्ता बनाने के उद्देश्य से किया जाता है, तो उसे एथिकल हैकिंग कहते हैं। इस कार्य को करने वाले पेशेवर एथिकल हैकर के नाम से जाने जाते हैं। साइबर अपराधों की बढ़ती तादाद के बीच मूल्यवान इंफॉर्मेशन सिस्टम की सुरक्षा के लिए एथिकल हैकरों की मांग जोर पकड़ रही है। इस कारण यह पेशा नौकरी की आकर्षक संभावनाओं के द्वार खोल रहा है।




### एथिकल हैकर का काम

इन पेशेवरों को व्हाइट हैट्स या पेनिशन टेस्टर के नाम से भी जाना जाता है। कंप्यूटर और नेटवर्क से संबंधित तकनीकों में इन्हें विशेषज्ञता प्राप्त होती है। इनका काम अपने नियोक्ता (कंप्यूटर सिक्योरिटी उत्पाद बनाने वाली कंपनी) के लिए किसी निर्धारित कंप्यूटर सिस्टम पर हमला करना होता है, ताकि सिस्टम की उन कमियों का पता लगाया जा सके, जिन्हें तलाशकर हैकर साइबर अपराधों को अंजाम देते हैं। एक प्रकार से एथिकल हैकर भी हैकरों (साइबर अपराधी) जैसा ही काम करते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य किसी कंप्यूटर सिस्टम को नुकसान पहुंचाने की बजाए उसे पहले से ज्यादा सुरक्षित बनाना होता है। इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता के कारण एथिकल हैकर आईटी सिक्योरिटी इंडस्ट्री की अहम जरूरत बन गए हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण पेशा है, जो जरूरत पड़ने पर 24 घंटे काम में जुट रहने की भी अपेक्षा रखता है। एथिकल हैकर को हमेशा खुद को कंप्यूटर सिस्टम से संबंधित नई तकनीकों से अपडेट रखना होता है, ताकि वह नई चुनौतियों का तेजी से हल तलाश सकें।

### पर्याप्त हैं रोजगार के अवसर

जफिलहाल देश में एथिकल हैकरों की काफी कमी है। इसलिए कई-कई कंपनियां अपने नेटवर्क में मौजूद खामियों को खोजने के लिए एक ही पेशेवर की मदद लेती हैं। इन पेशेवरों की सरकारी क्षेत्र के संस्थानों में भी काफी पूछ है। सेना, पुलिस बलों (सीबीआई और एनआईए शामिल), फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं और रक्षा अनुसंधान संगठनों में विशेष रूप से एथिकल हैकरों की मदद ली जाती है। जासूसी एजेंसियों में भी इनके लिए काफी अवसर हैं।

### योग्यता

इस पेशे में आने के लिए कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का अच्छा ज्ञान जरूरी होता है। इसलिए कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी या कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री का होना आवश्यक है। शैक्षणिक योग्यता के साथ C, C++ और Java आदि प्रोग्रामिंग लैंग्वेज और कंप्यूटर में इस्तेमाल होने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम मसलन विंडोज या लिनक्स की जानकारी का होना भी जरूरी है।



### उपलब्ध पाठ्यक्रम

- सर्टिफिकेट कोर्स इन साइबर लॉ
- सीसीएनए सर्टिफिकेशन
- सर्टिफाइड एथिकल हैकर
- सर्टिफाइड इंफॉर्मेशन सिस्टम सिक्योरिटी प्रोफेशनल
- एमएससी साइबर फॉरेंसिक्स एंड इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी
- पीजी डिप्लोमा इन डिजिटल एंड साइबर फॉरेंसिक्स
- पीजी डिप्लोमा इन साइबर लॉ
- पीजी डिप्लोमा इन आईटी सिक्योरिटी
- एडवांस डिप्लोमा इन एथिकल हैकिंग
- संबंधित संस्थान
- एनआईईएलआईटी
- सीईआरटी
- इंडियन स्कूल ऑफ एथिकल हैकिंग
- तिलक महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी
- इन्नोबज नॉलेज सॉल्यूशन्स प्रा. लि.
- आईएमटी गाजियाबाद
- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी






# सोनोग्राफी
## डॉक्टर को रोग की जड़ तक पहुंचाने का पेशा

**सोनोग्राफी रोग का पता लगाने की एक जांच विधि है। इसके लिए जो मशीन इस्तेमाल में लाई जाती है, उससे अल्ट्रासाउंस वेव्स उत्पन्न की जाती हैं। जब इन तरंगों को शरीर के किसी खास हिस्से के ऊपर प्रवाहित किया जाता है, तो सोनोग्राफी मशीन से जुड़ी एक स्क्रीन पर संबंधित अंग, टिश्यू और शरीर के उस हिस्से में हो रहे रक्त संचार की तस्वीरें नजर आने लगती हैं। तस्वीरें लेने की इस प्रक्रिया को ही चिकित्सा क्षेत्र की कामकाजी शब्दावली में सोनोग्राफी या अल्ट्रासाउंड स्कैन कहा जाता है।**

अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन को ही सोनोग्राफर कहा जाता है। पैरामेडिकल क्षेत्र के ये पेशेवर कुछ विशेष उपकरणों की मदद से मरीजों के रोगग्रस्त अंगों की तस्वीरें लेते हैं। सोनोग्राफी रोग का पता लगाने की एक जांच विधि है। इसके लिए जो मशीन इस्तेमाल में लाई जाती है, उससे अल्ट्रासाउंस वेव्स (उच्च फ्रिक्वेंसी वाली ध्वनि तरंगें) उत्पन्न की जाती हैं। जब इन तरंगों को शरीर के किसी खास हिस्से के ऊपर प्रवाहित किया जाता है, तो सोनोग्राफी मशीन से जुड़ी एक स्क्रीन पर संबंधित अंग, टिश्यू और शरीर के उस हिस्से में हो रहे रक्त संचार की तस्वीरें नजर आने लगती हैं। तस्वीरें लेने की इस

### जरूरी गुण

- निरीक्षण करने की बेहतर दृष्टि
- अच्छा संवाद कौशल
- मरीजों के प्रति नरम रवैया
- लंबे समय तक काम करने की शारीरिक क्षमता
- अपने क्षेत्र की नई तकनीकों की जानकारी धैर्य और सहनशीलता
- रोगियों का विश्वास जीतने का हुनर



प्रक्रिया को ही चिकित्सा क्षेत्र की कामकाजी शब्दावली में सोनोग्राफी या अल्ट्रासाउंड स्कैन कहा जाता है।

इसी तरह इस प्रक्रिया को संपन्न करने वाले पेशेवरों को सोनोग्राफर कहा जाता है। जिन सोनोग्राफरों के पास इमेजिंग और रक्त शिराओं का टेस्ट करने में विशेषज्ञता होती है, उन्हें वस्कुलर टेक्नोलॉजिस्ट कहा जाता है। सोनोग्राफी की जरूरत रोगी के शरीर (खासकर रोगप्रभावित अंग) को अंदर से देखने की यह एक ऐसी तकनीक है, जिसमें शरीर के साथ किसी भी तरह की चीर-फाड़ करने की जरूरत नहीं होती। सोनोग्राफी की इस खासियत के कारण इसका इस्तेमाल शरीर के कई अंगों मसलन पेट, स्तन, हृदय, रक्त नलिकाओं, प्रजनन संबंधी अंगों और पौरुष ग्रंथि आदि की जांच के लिए किया जाता है। हृदय रोगों, हृदयाघात और नाड़ी संबंधी रोगों की पहचान और उनके उपचार में सोनोग्राफी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। यही नहीं कैंसर की जांच के लिए होने वाले बायोप्सी टेस्ट में भी सोनोग्राफी मददगार साबित हो रही है। कैंसर की आशंका वाले अंग में बीमारी का पता लगाने के लिए एक बारीक सुई की सहायता से संबंधित अंग से कोशिकाओं (सेल) का थोड़ा-सा नमूना लिया जाता है, जिसकी बाद में प्रयोगशाला में जांच की जाती है। इस प्रक्रिया के दौरान जब सुई को शरीर में प्रवेश कराया जाता है, तब सोनोग्राफी के माध्यम से ही देखा जाता है कि सुई तय स्थान पर पहुंच रही है या नहीं। स्पेशलाइजेशन के क्षेत्र (सोनोग्राफी में) ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिक सोनोग्राफी एब्डोमिनल सोनोग्राफी (लीवर, किडनी, गालब्लैडर और पैनक्रियाज) न्यूरोसोनोग्राफी (मस्तिष्क) ब्रेस्ट सोनोग्राफी वस्कूलर सोनोग्राफी (ब्लड वेसल्स) कार्डियक सोनोग्राफी (हर्ट) सोनोग्राफर का काम अस्पताओं, नर्सिंग होम और तमाम छोटे-बड़े चिकित्सा संस्थानों में सोनोग्राफर को नियुक्त किया जाता है। वहां वह अपने नियोक्ता संस्थान की जरूरत के अनुसार डायग्नोस्टिक इमेजिंग डिपार्टमेंट, ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू (इंटेंसिव केअर यूनिट) आदि में डॉक्टरों और नर्सों के साथ काम करना होता है। उनके काम का मुख्य हिस्सा होता है, सोनोग्राफी के लिए उपकरणों को व्यवस्थित करना और मरीजों को सही पोजिशन में आने के लिए निर्देशित करना, ताकि बेहतर जांच रिपोर्ट मिल सके। इसके अलावा वह सोनोग्राफी के दौरान स्क्रीन पर यह भी देखते हैं कि रोगी के जिस अंग का चित्र (इमेज) लिया गया है, उससे रोग की पहचान संभव होगी या नहीं। वह लिए गए कई चित्रों में से उन्हीं चित्रों को अंतिम रूप से चुनते हैं, जिनके आधार पर डॉक्टर मरीज में रोग के होने या न होने के निष्कर्ष तक पहुंच सकें। सोनोग्राफर को अपने मूल कार्यों के अलावा कुछ अतिरिक्त कार्य भी करने होते हैं। इनमें रोगियों के रिकॉर्ड को रखना, उपकरणों का रख-रखाव और मरीजों को जांच के लिए समय देना आदि शामिल होता है। कई बार उन्हें पूरे डायग्नोस्टिक इमेजिंग विभाग के प्रबंधन संबंधी कार्यों को भी देखना होता है।

### योग्यता

देश के कई शिक्षण संस्थानों में सोनोग्राफी के पाठ्यक्रमों का संचालन हो रहा है। यहां से सर्टिफिकेट से लेकर बैचलर डिग्री तक हासिल की जा सकती है। सोनोग्राफर बनने के लिए संबंधित विषय क्षेत्र में कम से कम सर्टिफिकेट कोर्स पास होना जरूरी है।





# स्त्री 2 की सफलता पर श्रद्धा कपूर को मिल रहे क्रेडिट पर अपारशक्ति खुराना ने उठाया सवाल?

**स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई कर रही है। फिल्म को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है, जिसका सबूत इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दे रहा है। फिल्म ने श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव के करियर को नई उड़ान दी है।**

स्त्री 2 में इन दोनों के अलावा अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में हैं। हालांकि, फिल्म में बिट्टू का किरदार निभाने वाले अभिनेता अपारशक्ति खुराना ने सक्सेस क्रेडिट गेम पर नाराजगी जाहिर की है। अभिनेता ने बातों ही बातों में श्रद्धा और राजकुमार पर तंज कस दिया है। स्त्री 2 के सभी कलाकारों ने अपने किरदारों में जान फूंक दी है। हालांकि, फिल्म की सफलता का पूरा क्रेडिट श्रद्धा कपूर को दिया जा रहा है, जिनकी फिल्म में स्क्रीन टाइम बाकी सितारों की तुलना में कम है। इसी से अपारशक्ति खुराना खासा नाराज हैं और हालिया इंटरव्यू में इस पर कटाक्ष करते भी देखे गए हैं।

बातचीत के दौरान अपारशक्ति ने पहले तो इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की और कहा कि उन्हें केवल यह जानने में दिलचस्पी है कि दर्शकों को फिल्म में क्या पसंद आया है और सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि वे क्या देखना चाहते हैं। उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए दर्शकों और मीडिया को भी श्रेय देते हुए कहा कि फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है क्योंकि इसे इन दोनों स्रोतों से बहुत सकारात्मकता मिली है। अपारशक्ति खुराना ने कहा, मैं इस पर कुछ नहीं बोलूंगा, क्योंकि बात खुलेगी तो दूर तक जाएगी। मैं कुछ बोलना नहीं चाहूंगा, ऑडियंस जो कहे वो सही है। हालांकि, अभिनेता ने बातों ही बातों में कह दिया कि अगर कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार करने लगती है तो पीआर गेम शुरू हो जाता है, जिसमें आप किसी को ऊपर उठाते हो और किसी को नीचा दिखाते हो। अपारशक्ति ने यह भी कहा कि इस तरह की चीजें अभिनेता को स्टार बना देती हैं। वहीं, अन्य को उतना अटेंशन नहीं मिल पाता जितना वो डिजर्व करते हैं।



# करोड़पति बिजनेसमैन को डेट कर रहीं कृति? पहली बार रिश्ते पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री कृति सेनन ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने साल 2014 में टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कृति अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री का नाम कबीर बहिया के साथ भी जुड़ा है। एक इंटरव्यू में कृति से पूछा गया कि रिलेशनशिप में पहले वह सॉरी बोलती हैं? इस पर अभिनेत्री ने कहा कि डिपेंड करता है, अगर मुझे लगेगा कि मैं गलत नहीं हूं तो मुझे बिल्कुल भी बुरा नहीं लगेगा। कृति से आगे पूछा गया कि क्या वह छोटी-छोटी बातों पर रोती हैं, तो अभिनेत्री ने कहा कि वह यह नहीं कहेंगी कि वह रोती नहीं हूं, लेकिन किसी भी वजह पर नहीं।



# इंडियाना जोन्स से प्रेरित होगी अजय देवगन की आगामी फिल्म!



अजय देवगन और लव रंजन पहले से ही आगामी बहुचर्चित फिल्म दे दे प्यार दे 2 के लिए साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। अब इस समय अजय अपनी एक और फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग के लिए लंदन में हैं। इसी बीच यह जानकारी आई है कि अजय और लव रंजन एक और फिल्म में साथ काम करने वाले हैं। यह फिल्म पूरी तरह से एडवेंचर-बेस्ड होगी। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म पूरी तरह से हॉलीवुड फिल्म इंडियाना जोन्स से प्रेरित होगी। हालांकि फिल्म को लेकर अभीतक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

लव रंजन और अजय की आगामी फिल्म लव रंजन की फिल्म की स्क्रिप्ट पर अभी काम चल रहा है। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी जिसमें अजय देवगन एक एडवेंचरर भूमिका में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माताओं का लक्ष्य हॉलीवुड फिल्म इंडियाना जोन्स फ्रैंचाइजी जैसा कुछ बनाने का है। अजय इस कॉन्सेप्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं, साथ ही उनके प्रशंसक भी अजय की एक और धमाकेदार मूवी के लिए तैयार है।

## कहां होगी फिल्म की शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग भारत के जंगलों में की जाएगी, जिसमें अजय एक प्राचीन अवशेष की खोज में दिखाई देंगे। इस फिल्म की कहानी लोककथाओं और पौराणिक कथाओं से प्रेरित होगी। इस फिल्म में जबर्दस्त वीएफएक्स देखने को मिलेंगे। हो सकता है कि यह फिल्म दिसंबर 2024 तक रिलीज हो जाए।

## बच्चों को ध्यान में रखकर बनाई जाएगी फिल्म

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को खासतौर पर बच्चों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। फिल्म में हाई-ऑक्टेन सेट पीस और स्टंट होंगे। इस फिल्म के लिए अजय का लुक भी अलग होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अजय लेदर जैकेट और बैकपैक स्टाइल में नजर आएंगे। इस फिल्म में उन्हें प्राचीन सभ्यताओं और भाषाओं का गहरा ज्ञान होगा। उम्मीद है कि अजय सन ऑफ सरदार 2 और दे दे प्यार दे 2 के बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।



# अमेरिका में छुट्टियां मना रहीं हैं नेहा शर्मा

अभिनेत्री नेहा शर्मा इस समय अमेरिका में छुट्टियां मना रही हैं और उन्होंने कुछ खूबसूरत पलों को शेयर किया है। नेहा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शिकागो, इलिनोइस की अपनी यात्रा की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। उन्होंने सबसे पहले एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह स्वीट डिश के बगल में रखी मोमबत्ती को बुझाती नजर आ रही थीं। अभिनेत्री ने इसे कैप्शन दिया, मुझे लगता है कि मैं लाइफ को सेलिब्रेट कर रही हूं। इसके बाद अभिनेत्री ने कुछ और मीठा खाते हुए लिखा, थोड़े से मीठे ने किसी की जान नहीं ली। इसके बाद नेहा ने अपनी कॉकटेल की एक झलक साझा की और लिखा, क्या शानदार शाम है दोस्तों। उन्होंने अपने छोटे भतीजे के साथ आइसक्रीम का आनंद लेते हुए खुद का एक वीडियो भी शेयर किया। इस महीने की शुरुआत में, अभिनेत्री ने अपने रोमांटिक ट्रैक दिल को करार आया की चौथी वर्षगांठ पर दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला को याद किया।

नेहा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें यासर देसाई और नेहा कक्कड़ द्वारा गाए गए गाने की शूटिंग के पर्दे के पीछे की झलकियां हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हे भगवान... 4 साल हो गए। जिसके बाद उन्होंने एक सफेद दिल वाली इमोजी लगाई। उल्लेखनीय है कि सिद्धार्थ का निधन 2 सितंबर, 2021 को 40 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से हो गया था। उन्हें बालिका वधू, बाबुल का आंगन छूटे ना, लव यू जिंदगी और दिल से दिल तक जैसे शो में देखा गया था। वह रियलिटी शो बिग बॉस 13 के विजेता भी थे। नेहा ने क्रूक, क्या सुपर कूल हैं हम, यमला पगला दीवाना 2, यंगिस्तान, तुम बिन 2, तान्हाजी और जोगीरा सारा रा रा जैसी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में उन्हें लीगल थ्रिलर सीरीज इलीगल के तीसरे सीजन में देखा गया था। उन्होंने विशाल फुरिया के क्राइम थ्रिलर वेब शो 36 डेज में भी काम किया है। इसमें पूरब कोहली, चंदन रॉय सान्याल, शारिब हाशमी, अमृता खानविलकर, श्रुति सेठ और सुशांत दिवगीकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। शो और फिल्मों के अलावा, नेहा धीमे धीमे, गालिब, लैम्बो कार, थोड़ा थोड़ा प्यार और पहली पहली बारिश जैसे संगीत वीडियो का भी हिस्सा रही हैं।



# बड़े सितारों की इन फिल्मों को रिजेक्ट कर चुकी हैं श्रद्धा

श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हो चुकी है। आज आपको उन बड़े सितारों से सजी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें वह अस्वीकार कर चुकी हैं। तारीखों की समस्या की वजह से वह आरआरआर फिल्म में काम नहीं कर सकी थीं। श्रद्धा कपूर को ठग्स ऑफ हिंदोस्तान का ऑफर भी मिला था, लेकिन वह इसमें काम नहीं कर सकीं। भूल भुलैया 2 में कियारा आडवाणी से पहले मेकर्स ने श्रद्धा कपूर से संपर्क किया था। लकी नो टाइम फॉर लव भी श्रद्धा को ऑफर हो चुकी है, हालांकि तब उन्होंने फिल्म से ज्यादा अपनी पढ़ाई को तरजीह दी थी।

# हम भाग्यशाली हैं कि लोगों को हमारी बनाई कहानियां और किरदार पसंद आता है

फिल्म निर्माता कबीर खान ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ काम करने को लेकर कई बातें शेयर कीं। फिल्म निर्माता ने बताया कि लोगों को सलमान खान के साथ बनाई हमारी फिल्में क्यों पसंद आती हैं। कबीर ने बताया, मुझे लगता है कि हम भाग्यशाली हैं कि लोगों को हमारी बनाई कहानियां और किरदार पसंद आता है। फिल्म निर्माता और सुपरस्टार ने 2012 में एक था टाइगर और 2015 की फिल्म बजरंगी भाईजान जैसी फिल्मों में काम किया है। यह सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म और चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है। उन्होंने कहा, बेशक, मैं इस तथ्य को नकार नहीं रहा हूं कि सलमान एक मेगास्टार हैं और दर्शकों के बीच उनकी बड़ी लोकप्रियता है। बता दें कि हाल ही में फिल्म निर्माता कबीर खान को मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफएम) के 2024 संस्करण में निथिलन स्वामीनाथन के साथ चंदू चैंपियन के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला है। इसके लिए उन्होंने बताया, मुझे लगता है कि मैं भाग्यशाली था कि मैंने वे फिल्में उस समय बनाई, जब हमने जिन कहानियों पर काम किया, वे दर्शकों को पसंद आई और उन्होंने इसका आनंद लिया और हमारी फिल्मों के साथ हमें भी सफलता मिली। उन्होंने कहा कि बजरंगी भाईजान के सीक्वल को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, हालांकि, हर ब्लॉकबस्टर को सीक्वल की जरूरत नहीं होती।







# ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी का किरदार निभाना चाहती हैं रसिका दुग्गल

'मिर्जापुर' वेब सीरीज में बीना त्रिपाठी के किरदार में नजर आई रसिका दुग्गल ने मीना कुमारी की भूमिका निभाने की इच्छा जताई है। एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने कहा कि वह दिवंगत स्टार मीना कुमारी की जिंदगी को बड़े पर्दे पर निभाना चाहती हैं। रसिका ने बातचीत में कहा, मैंने बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाई है, क्योंकि ऐसा किरदार निभाना एक दिलचस्प है। आप किसी ऐसे व्यक्ति के किरदार को कैसे निभा सकते हैं, जिसके बारे में हर कोई पहले से ही बहुत कुछ जानता हो और जिनकी एक अलग पहचान भी हो। उन्होंने कहा कि मीना कुमारी के अलावा अमृता प्रीतम के किरदार को निभाने में भी उन्हें रुचि है। लंबे समय से इच्छा रही है। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे उम्मीद है कि कोई मुझे कास्ट करेगा। लेकिन, अगर मीना कुमारी के किरदार में कोई अभिनेत्री होती तो मुझे लगता है कि वह मैं होती।

अभिनेत्री को हाल ही में मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव के 15वें संस्करण में पुरस्कृत किया गया। रसिका दुग्गल ने पुरस्कार के बारे में बात करते हुए कहा, एक एक्टर के रूप में हमें अपने करियर के दौरान कुछ मुश्किल विकल्पों को चुनना पड़ता है। कोई भी व्यक्ति हमेशा अपने विकल्पों पर दोबारा विचार करता है, क्योंकि इसका कोई पैमाना नहीं होता है। हर एक एक्टर का सफर इतना अनूठा होता है कि इसमें कोई बेंचमार्क नहीं होता है। इसलिए आप हमेशा सोचते रहते हैं कि आपने सही विकल्प चुना है या नहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि डाइवर्सिटी चैंपियन जैसे पुरस्कार मेरे करियर में अब तक किए गए काम का सम्मानित करते हैं। यह बहुत अच्छा है और इस तरह का सम्मान मिलना आपका हौसला बढ़ाता है।

उन्होंने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और पुरस्कार की अहमियत पर कहा, इन दोनों में से कोई भी चीज मेरे नियंत्रण में नहीं है। मैं केवल किसी काम के बारे में चिंता कर सकती हूं, जिस पर मेरा नियंत्रण है। कैसे बॉक्स ऑफिस पर काम हो रहा है या फिर उसे कितना देखा जा रहा है। जो भी मेरे नियंत्रण से बाहर है, मैं उसके बारे में कुछ नहीं कर सकती। इससे अच्छा है कि मैं एक एक्टर के तौर पर खुद को साबित करूं। एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने कहा कि निश्चित तौर पर वो ज्यादा देखे जाने वाले प्रोजेक्ट्स को महत्व देती हैं। उनके मुताबिक, इसमें अधिक ऑप्शन मिलते हैं। जिससे उन्हें मनमाफिक प्रोजेक्ट करने में मदद मिलती है।

# दक्षिण में बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हुई किल

अभिनेता और डांसर राघव जुयाल ने हाल ही में निर्माता करण जौहर और गुनीत मोंगा द्वारा निर्मित खूनी एक्शन फिल्म किल में अभिनय किया। राघव ने एक नए साक्षात्कार में उत्तरी और दक्षिणी बाजारों में इसके स्वागत के बारे में खुलकर बात की। अभिनेता ने कहा कि फिल्म ने दक्षिण में बेहतर प्रदर्शन किया। यूट्यूब चैनल डिजिटल कमेंट्री से बात करते हुए, राघव ने कहा, साउथ में किल का स्वागत उत्तर की तुलना में बेहतर रहा है। हमारे शहरों में लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्मों का बहिष्कार करने में व्यस्त हैं। लेकिन वे फिल्म देखने के लिए अपने घरों से बाहर नहीं निकलते हैं। जब यह आखिरकार रिलीज होगी। आप अपनी राय साझा कर सकते हैं, लेकिन कम से कम पहले फिल्म तो देखिए। अब, दक्षिण में, खासकर मलयालम सिनेमा में, वे किस तरह की फिल्में बनाते हैं, देखें, चाहे वह आवेश हो या मंजुम्मेल बॉयज। जुयाल ने कहा, किल को रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है, लेकिन साउथ में लोग अभी भी इसे देख रहे हैं। यह अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण, कमल हासन और अक्षय कुमार जैसे बड़े सितारों ने अपनी फिल्में रिलीज की थीं। किल के समान समय, इसलिए, मैं आभारी हूं कि लोग अभी भी किल देख रहे हैं।



# जगह-जगह देर रात तक लोगों ने मनाया जन्माष्टमी पर्व

## धर्म व सांस्कृतिक धरोहर को संजोये रखने का प्रयास है जन्माष्टमी पर्व : डा. महेश शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर सांसद एवं पूर्व मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण मंदिर पहुंचकर उनके दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

जन्माष्टमी के विभिन्न कार्यक्रमों में इस्कॉन मंदिर, सेक्टर 149, ग्रेटर नोएडा, श्री बांके बिहारी सेवा मंडल खुर्जा, इस्कॉन मंदिर, जीटा-1, ग्रेटर नोएडा, इस्कॉन मंदिर, सेक्टर-33, हनुमान राम मंदिर सेक्टर 34, सामुदायिक केंद्र सेक्टर-50, एवं सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 19, नोएडा में अपने क्षेत्रवासियों के साथ बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव के साथ इस पर्व को मनाया।

सांसद ने अपने संबोधन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह जन्माष्टमी का आयोजन धर्म और सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने का एक अहम प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत सभी श्रद्धालुओं ने भगवान का गुणगान किया और बाल लीलाओं पर आधारित भव्य झांकियों को सजाकर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिरों में भजनों और सुन्दर स्तुतियों को सुनकर भक्तों ने नाच-गाकर इस पर्व को धूमधाम से मनाया। जन्माष्टमी महोत्सव में हजारों की संख्या में भक्तों का जमावड़ा लगा हुआ था।

सांसद ने अपने सम्बोधन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना कर सभी क्षेत्रवासियों के लिए आशीर्वाद एवं मंगल कामना की।









लोट्स बुलवर्ड सेक्टर-100 में जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण की भूमिका में मितांश जैन। राधारानी के रूप में अनन्या जैन।



सेक्टर-62 रजत विहार में जन्माष्टमी के पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे।



सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर में राधा-कृष्ण के दर्शन करते उप्र युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन।

## बीएल अग्रवाल को मिली राष्ट्रीय लोक दल में नोएडा विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा निवासी बीएल अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय श्री रोशन लाल अग्रवाल को राष्ट्रीय लोक दल में नोएडा विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर नोएडा महानगर अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने की है। पार्टी ने बीएल अग्रवाल से अपेक्षा की है कि वह राष्ट्रीय लोकदल संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे तथा अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी में जोड़ेंगे।

इस मौके पर पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें विजय अग्रवाल को मनोनयन पत्र सौंपा गया।

राष्ट्रीय लोकदल नोएडा महानगर की मासिक बैठक भी सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रिय उपाध्यक्ष योगेंद्र लोधी, प्रदेश महासचिव हेमा पाठक, महानगर अध्यक्ष विजेंद्र यादव, महानगर महासचिव सुनील पाण्डेय, विधान सभा अध्यक्ष बीएल अग्रवाल, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकारणी का विस्तार किया गया।

## आठ ओवरलोड वाहनों पर की कार्यवाही

### राजस्व, परिवहन व खनन विभाग ने कार्यवाही करके 7.3 लाख का जुर्माना वसूला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/प्रभारी खनन गौतम बुद्ध नगर अतुल कुमार ने बताया कि आज राजस्व, परिवहन और खनन विभाग की जिला स्तरीय कार्यबल द्वारा



ओवरलोड/अवैध परिवहन के विरुद्ध संयुक्त रूप से प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। अभियान में राजस्थान, हरियाणा से रोडी, गिट्टी, रेता लादकर गौतमबुद्धनगर आने वाले 8 ओवर लोड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यह कार्यवाही सुबह 04 बजे से 12 बजे तक इकोटेक-1 DND कालिंदी कुंज, चारमूर्ति, बिसरख, सिरसा कट पर की गई और ओवर लोड वाहनों को थाना सेक्टर-126 कालिंदी कुंज में 01 और थाना जेवर 07 वाहनों को निरुद्ध किया गया। कार्यवाही में वाहनों मेंओवर लोड माल परिवहन के अतिरिक्त कई वाहनों में पंजीयन चिन्ह अस्पष्ट होने और निर्माण सामाग्री त्रिपाल से ढका न होने, रिफ्लेक्टर न लगा होने के, फिटनेस/परमिट प्रमाणपत्र न होने व कर न जमा होने कारण प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। खनन विभाग द्वारा बिना परमिट व ओवरलोड वाहनों पर लगभग रू 2 लाख 12 हजार और परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए रू 4 लाख 91 हजार प्रशमन शुल्क और कर सहित कुल लगभग रू 07 लाख 03 हजार आरोपित किया गया। सभी चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स निलंबन और परमिट निलंबन की संस्तुति की गई।

उन्होंने यह भी बताया कि जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर के नेतृत्व में आगे भी ओवरलोड/अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध जिलास्तरीय कार्यबल के द्वारा निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। इस प्रवर्तन कार्यवाही में अभियान में तहसीलदार दादरी आर पी सिंह, तहसीलदर जेवर अजय कुमार, विवेक भदौरिया, एआरटीओ प्रवर्तन डॉ उदित नारायण, विपिन चौधरी, जिला खनन अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी, यात्री कर अधिकारी राजेश मोहन सहित संबंधित पुलिस और प्रवर्तन कर्मी शामिल रहे।

## मेट्रो स्टेशन पर अश्लील हरकत कर रहा शख्स पकड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-58 के सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन के स्टेशन मास्टर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक व्यक्ति 25 अगस्त को मेट्रो स्टेशन पर खड़ा होकर अश्लील हरकत कर रहा था। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन के स्टेशन मैनेजर राशिद अली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 अगस्त को करन चौहान पुत्र नरेंद्र सिंह (25 वर्ष) निवासी जनपद हापुड़ सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन में अश्लील कार्य करते हुए देखा गया। इसके बाद स्टेशन पर मौजूद सीआईएसएफ के स्टाफ द्वारा उसको पकड़ लिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## सेक्टर-34 रेरा ने जारी की डिफाल्टर 131 बिल्डरों की सूची

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रदेश के 131 प्रोजेक्टो की सूची जारी की है। जिनकी ना तो जमीन का पता है और ना नक्शे का रिकॉर्ड है। इनमें से जनपद गौतम बुद्ध नगर के 23 प्रोजेक्ट हैं। यूपी रेरा ने बार-बार नोटिस जारी कर बिल्डरों से जवाब भी मांगा, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। यूपी रेरा ने इनकी सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड की है, ताकि खरीदारों को प्रोजेक्ट की जानकारी मिल सके और वह वहां निवेश करने से बच सकें।




यूपी रेरा ने वर्ष 2017 में प्रदेश के सभी बिल्डर प्रोजेक्टों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया था। पंजीकरण यूपी रेरा के पोर्टल पर जाकर किया जाता है। बड़ी संख्या में प्रोजेक्टों का पंजीकरण कराया गया, लेकिन काफी तादाद में बिल्डरों ने प्रोजेक्टों के सभी दस्तावेज को अपलोड नहीं किया था। पंजीकरण होने के बाद यूपी रेरा ने जांच की। जांच के बाद सभी बिल्डरों को नोटिस जारी कर बाकी दस्तावेज भी अपलोड करने को कहा गया। काफी बिल्डरों ने रेरा के आदेश की अनदेखी की। इसके बाद यूपी रेरा ने प्रदेश के 400 प्रोजेक्टों को चिन्हित किया है। यूपी रेरा ने इन प्रोजेक्ट को चार श्रेणी में बांटा है। इनमें से प्रथम श्रेणी में उन प्रोजेक्टों को शामिल किया गया है। जिनके जमीन और नक्शे की जानकारी यूपी रेरा के पास नहीं है। सोमवार को यूपी रेरा ने ऐसे 131 प्रोजेक्टों की सूची जारी की है। इनमें जिले के 23 के अलावा मेरठ के 10, गाजियाबाद के 14, मथुरा के 6 और आगरा के 8 प्रोजेक्ट शामिल है। जबकि लखनऊ के 29 और वाराणसी के 15 प्रोजेक्ट हैं। इनके अलावा गोरखपुर, बरेली, बाराबंकी, प्रयागराज के प्रोजेक्ट शामिल हैं। जिन प्रोजेक्ट की जमीन है, लेकिन नक्शा नहीं है, उनको तीसरी श्रेणी में रखा गया है। चौथी श्रेणी में उन प्रोजेक्टों को शामिल किया गया है। जिनमें बिल्डरों से वेबसाइट पर अपडेट करने का समय मांगा हैं। तीन अन्य श्रेणियों की भी जांच शुरू कर दी गई है।

